* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 61


भारत की सरगम कौशल मिसेज वर्ल्ड चुनी गयीं, 21 साल बाद देश को मिला खिताब







FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com



## सिल्ली गूंज महोत्सव में जुटे छऊ नृत्य कलाकारों की गूंज विश्व पटल पर गूंजेगी : रमेश बैस

### सिल्ली के फुटबॉल स्टेडियम में इतनी संख्या में आ गये छऊ नृत्य कलाकार की बन गया नया कीर्तिमान : इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज, प्रतिनिधि सुब्रतो दास ने किया डॉक्यूमेंटेशन

- सुदेश महतो का कलाकारों और ग्रामीणों को जोड़ने का प्रयास सराहनीय है
- गूंज परिवार महिला सशक्तिकरण, किसान व छात्र के हित के लिए और पहल करे

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** विकास की नयी यात्रा के साथ सिल्ली में होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का उद्घाटन रविवार को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिल्ली में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के उद्घाटन समारोह में पांच हजार छऊ नृत्य कलाकारों ने शिरकत करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि सुब्रतो दास ने डॉक्यूमेंटेशन किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि गूंज महोत्सव विकास के लक्ष्य को लेकर गूंजे। सिल्ली और झारखंड प्रदेश के विकास की गूंज हो। यह गूंज महोत्सव प्रदेश और देश के लिए उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करे। विकास के रास्ते पर चलने एवं अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करने की गूंज हो, सिल्ली और प्रदेश को शिक्षित बनाने की गूंज हो, ताकि राज्य और देश में एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर सके। राज्यपाल ने कहा कि मैंने यहां आने से पहले छऊ नृत्य को सिर्फ यूट्यूब पर देखा था, लेकिन आज सुदेश महतो जी के निमंत्रण पर यहां आया और और आज का दिन मेरे लिए स्वर्णिम रहा। इतने सारे कलाकारों के द्वारा छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया गया। मैं तो कहता हूं कि अब तो यह इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी आ गया है। यह गूंज खाली देश के अंदर नहीं, दिल्ली तक ही नहीं, यह गूंज पूरा विश्व में फैलेगी। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू,रामटहल चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधुर मंसूरी, पद्मश्री छुटनी महतो, झारखंड तीरंदाजी संघ की उपाध्यक्ष नेहा महतो मौजूद रहीं। सिल्ली और आसपास के लोगों से स्टेडियम खचाखच भरा था।



### विकास आधारित गूंज महोत्सव की यात्रा नये मोड़ पर: सुदेश कुमार महतो

तीन दिनों के महोत्सव में कई योजना और सेवा की शुरूआत की जा रही है। इसके केंद्र में शिक्षा और चिकित्सा है। इस मौके पर राज्यपाल और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंडी संस्कृति व परंपरा की विरासत का जतन करने की कोशिशों के साथ शुरू गूंज महोत्सव ने अपने यादगार सफर के साथ क्षेत्र के विकास और समाज के सशक्तिकरण में निर्णायक भूमिका अदा की है । इसके दारोमदार गूंज परिवार से जुड़े 74 हजार परिवार हैं। महामहिम ने आज सिल्ली की धरती को सुशोभित करते हुए गूंज महोत्सव के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। यह महोत्सव जहां खुशियों का दूसरा नाम है, वहीं उनका मुख्य मकसद समाज के हर वर्ग का सशक्तिकरण करना है।


नामांकन जारी सत्र : 2022-2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B. PHARMA (Bachelor in Pharmacy)



Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354


# झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

रांची (आजाद सिपाही)। पांचवें झारखंड विधानसभा का दसवां सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। यह शीतकालीन सत्र है। 19 दिसंबर से शुरू हो रहा यह शीतकालीन सत्र 23 दिसंबर तक चलेगा। इस बार का सत्र काफी हंगामेदार हो सकता है। विपक्ष इसकी पूरी तैयारी में है। सरकार को अवैध माइनिंग, लॉ एंड ऑर्डर और नियोजन नीति जैसे मुद्दों का सामना सदन में करना पड़ सकता है। वहीं पांच दिनों का यह शीतकालीन सत्र चले इसकी तैयारी को लेकर यूपीए गंठबंधन ने बैठक की है।

## विपक्ष के हर हमले का जवाब देगी सरकार : हेमंत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के सभी विधायकों को अपने आवास पर बुलाया। इस बैठक में शीतकालीन सत्र में सरकार की रणनीति पर चर्चा की गयी। नियोजन नीति को लेकर सरकार काफी गंभीर है। वहीं, साहेबगंज में पहाड़िया लड़की के साथ जो घटना हुई, ऐसी घटना दुबारा न हो इस पर भी विस्तार से चर्चा कि गयी। बैठक में विधानसभा में विपक्ष सवालों का कैसे जवाब दिया जाये, सरकार का पक्ष किस तरह से रखा जाये, इन सभी विषयों पर चर्चा कि गयी। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले महागठबंधन में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी साझेदार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के सारे सवालों के जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है।

## सरकार को जनवभावना घोटाला पर घेरेंगे: बिरंची




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा विधानसभा में हेमंत सोरेन सरकार की घेराबंदी करने को तैयार है। पार्टी कार्यालय में रविवार को हुई विधायक दल की बैठक में सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र को लेकर मंथन हुआ। बैठक के बाद विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने जनभावना घोटाला किया है। साहिबगंज से सिमडेगा तक कोयला, पत्थर, बालू की लूट तो कर ही रही थी, अब जनभावना घोटाला भी खूब कर रही। कोर्ट ने नियोजन नीति पर इस सरकार को नंगा कर दिया है, एक्सपोज कर दिया है, पर सरकार खतियानी जोहार यात्राओं में 1932 का खतियान लागू कर दिए जाने, नियोजन नीति का लाभ झारखंडी युवाओं को मिलने की झूठी बातें कर जनभावनाओं से खेल रही। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# झारखंड के दिलदार अंसारी ने पत्नी के किये 50 टुकड़े

- इलेक्ट्रिक कटर से काटा, नहीं मिला सिर
- दूसरी शादी को लेकर हमेशा होते थे झगड़े





आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड में दिल्ली की श्रद्धा से भी क्रूर हत्या हुई है। आफताब ने श्रद्धा के 35 टुकड़े किये थे, लेकिन साहिबगंज में 25 साल के दिलदार अंसारी ने पत्नी रिबिका पहाड़िन की हत्या के बाद इलेक्ट्रिक कटर से 50 से ज्यादा टुकड़े किये। कुछ टुकड़े घर में छिपा दिये, जबकि अन्य टुकड़े मोहल्ले के आसपास सुनसान जगहों पर फेंक दिये, जिसे कुत्ते नोंच-नोंच कर खा रहे थे। जब लोगों ने कुत्तों को इंसान का मांस खाते देखा, तो इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। अब तक पुलिस को 18 टुकड़े मिले हैं। सिर समेत दूसरे अंगों की तलाश पुलिस कर रही है। रिबिका का सिर अब तक नहीं मिला है।

जानकारी के अनुसार 22 साल की रिबिका आदिम पहाड़िया जनजातीय समुदाय की थी। रिबिका साहिबगंज के डोडा पहाड़ की रहने वाली थी। दोनों ने एक महीने पहले ही लव मैरिज की थी। दिलदार की ये दूसरी शादी थी। इसे लेकर दिलदार के घर में रोजाना झगड़े होते थे। रिबिका और दिलदार के परिवार वालों को यह शादी मंजूर नहीं थी। रिबिका 6 भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी।

**ऐसे पकड़ में आया आरोपी :** रिबिका और दिलदार में काफी समय से अफेयर था, लेकिन दोनों के परिवार उनकी शादी के लिए राजी नहीं थे। रिबिका के पिता सुर्जा पहाड़िया और मां चांदी पहाड़िन दोनों के संबंधों का विरोध कर रहे थे। एक महीने पहले दोनों घर से भाग कर थाने पहुंचे थे। यहां पुलिस ने दोनों की शादी करायी थी। शव के टुकड़े मिलने पर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने दिलदार के घर पहुंच कर रिबिका के बारे में पूछा। फिर पूरा मामला सामने आया।


ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी) BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे...


## अफसरशाही की भेंट चढ़ने की कगार पर है एक महत्वपूर्ण योजना

# मुफ्त में पूरे हजारीबाग में लगा रहा था सीसीटीवी कैमरा

- सरकार की एक पाई खर्च नहीं अधिकारियों का अड़ंगा हजार
- हजारीबाग के नगर आयुक्त नहीं मानते हाइकोर्ट का आदेश

### बंद हो सकता है शहर में सीसीटीवी कैमरा

हजारीबाग में जो भी सीसीटीवी कैमरा लगाये गये हैं, वे अब शायद बंद हो जायें। इससे अपराधियों को फायदा होगा, क्योंकि कोई भी बड़ी घटना पर पुलिस को फुटेज नहीं मिल पायेगा।

अजय शर्मा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड का एक युवा बेरोजगार अफसरशाही का शिकार हो रहा है। सिस्टम की मार उस पर इस कदर पड़ी है कि अब वह कारोबार ही समेटने के मूड में है। राज्य में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उसने अपनी कंपनी ऑरेंज मीडिया के माध्यम से अपने खर्च पर कई जिलों में यूनीपोल खड़ा किया और उसमें सीसीटीवी कैमरा लगाया। इससे शहर में होने वाले अपराध की तस्वीर उसमें कैद हो रही थी। बदले में यूनीपोल पर प्रचार-प्रसार कर अपने खर्च की भरपाई करता था। यह काम सरकार का है, लेकिन एक युवक ने यह प्रस्ताव पुलिस प्रशासन, नगर विकास विभाग और अन्य विभागों को सौंपा था, जिसमें उसे सहमति मिल गयी। इसके बाद उस कंपनी ने झारखंड के हजारीबाग, गोड्डा, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, देवघर और अन्य जिलों में यूनीपोल खड़ा किया और सीसीटीवी कैमरा भी लगा दिया। हर जिले में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इसके लिए स्थानीय नगर निगम से एकरारनामा भी हुआ, जिसमें कहा गया है कि यूनीपोल के एवज में कोई टैक्स नहीं लिया जायेगा।

गृह विभाग के विशेष सचिव ने 11 अक्टूबर 2018 को और नगर विकास विभाग के सचिव ने 28 फरवरी 2019 को राज्य के अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें सरकार का कोई खर्च भी नहीं होगा। जिला के अधिकारी यूनीपोल और सीसीटीवी कैमरा लगाने में सहयोग करें। कई जिलों में इस आदेश का पालन हुआ। आदेश का पालन हजारीबाग में भी हुआ, लेकिन अब वहां नया बखेड़ा शुरू हो गया है।

**हजारीबाग के मेयर के साथ हुआ था एकरारनामा :** हजारीबाग में ऑरेंज मीडिया कंपनी के साथ मेयर का एकरारनामा भी हुआ था, जिसमें कहा गया था कि सीसीटीवी कैमरा लगाने के एवज में कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। साथ ही नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी ने भी इसमें सहमति जतायी थी, लेकिन अब नगर आयुक्त होर्डिंग उतरवा रहे हैं।

**हाइकोर्ट का आदेश :** इस पूरे मामले पर उद्यमी हाइकोर्ट गया, जहां उसके पक्ष में फैसला आया है। इसमें कहा गया है कि हजारीबाग में यथास्थिति बनाये रखा जाये। इसके बावजूद कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



समस्या है तो.... समाधान भी है



आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची



भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्वर्गीय युवराज कृष्ण महेन्द्रु
(1929-2013)
नवम् पुण्यतिथि : 19 दिसम्बर 2022
आपने सदैव सबका कल्याण किया, सबको साथ लेकर चलते रहे।
सुख समृद्धि की वर्षा करते रहे। आपके पुण्यकर्म हमारी अनमोल विरासत है।
आपका अनुसरण करते हुए हम जीवन पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।
आपके आशीर्वाद की आकांक्षी
श्रीमती सरला देवी महेन्द्रु (पत्नी)
शौर्य, सृष्टी, प्राणजल, कबीर, रौनक, सिद्धि, कान्हा तथा समस्त परिवार एवं शुभचिंतक
आवास
मकान संख्या- 2K76,77,80 बरियातु हाऊसिंग कॉलोनी, राँची-9
मेसर्स राणा ऑटोमोबाइल्स, करमटोली, बरियातु रोड, राँची-8
मेसर्स सृष्टि इंटरप्राइजेज, बरियातू, राँची, फोन : 0651 2547677,9835160928
निःशुल्क चिकित्सा शिविर स्व. युवराज कृष्ण महेन्द्रु जी के नवमी पुण्यतिथि के अवसर पर
डा. राहुल प्रसाद
समय : 11.00 बजे से 3.30 बजे तक
स्थान : राणा ऑटोमोबाइल, करमटोली चौक, बरियातु रोड, रांची
डा. आशुतोष एवं डा. राहुल प्रसाद
समय : 4.00 बजे से 8.00 बजे तक
स्थान : सीताराम मंदिर, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, रांची
कृपया समय से पूर्व रजिस्ट्रेशन करा लें 9835160928

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


### जीत की अहम कड़ी : फोटो खिंचवाने और भाषण देने की भूख नहीं, कार्यकर्ताओं के बीच काम करते हैं

# गुजरात में भाजपा को रिकॉर्ड तोड़ जीत दिलानेवाले सीआर पाटिल

## ■ देश के पहले सांसद जिनका कार्यालय आइएसओ सर्टिफाइड है ■ संसदीय बोर्ड की बैठक में पीएम मोदी ने की मुक्त कंठ से प्रशंसा

आजाद सिपाही विशेष

**गुजरात में 27 साल से सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी ने इस बार जीत के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये। भाजपा ने 182 में से 156 सीटों पर कब्जा जमा लिया, वहीं कांग्रेस की झोली में सिर्फ 17 सीटें ही आ सकीं, जबकि आम आदमी पार्टी महज पांच सीटों पर सिमट गयी। वोट परसेंटेज की बात करें, तो भाजपा को 52.5 प्रतिशत वोट मिले। यह पहली बार है, जब भाजपा को गुजरात में 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले हैं। कांग्रेस को 27.29 प्रतिशत और आप को 12.92 प्रतिशत वोट मिले। गुजरात में इस साल 66.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो 2017 के विधानसभा चुनावों में पड़े 71.28 प्रतिशत वोटों से कम था। 1962 में गुजरात राज्य के अस्तित्व में आने के बाद कोई भी राजनीतिक पार्टी गुजरात में 150 सीटों का आंकड़ा छू नहीं पायी थी, लेकिन यह कमाल इस बार भाजपा ने कर दिया। यह कमाल सिर्फ मोदी और शाह की जोड़ी ने ही नहीं किया है। इस कमाल का श्रेय एक ऐसे शख्स को भी जाता है, जो साइलेंट होकर अपना काम करता रहा। वह लगातार संगठन को मजबूत करता रहा। एक-एक कर उस शख्स ने गुजरात में भाजपा की ऐसी सेना तैयार कर दी, जो किसी भी जंग को जीतने का दम रखती है। वह शख्स और कोई नहीं, नरेंद्र मोदी के विश्वसनीय और गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल हैं। पूरा नाम चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल। खुद नरेंद्र मोदी ने भी गुजरात की जीत का श्रेय सीआर पाटिल को दिया है। सीआर पाटिल ने कई बार पार्टी को मुश्किल घड़ी से निकाल कर जीत दिलायी है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। एक वक्त ऐसा प्रचारित किया गया था कि सूरत से भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा, लेकिन जब परिणाम आया, तो सारी सीटें भाजपा के पाले में आयीं। यह सीआर पाटिल की कड़ी मेहनत का प्रतिफल था। 2022 में तो खैर भाजपा ने रिकॉर्ड ही बना डाला। कौन हैं सीआर पाटिल और कैसे वह भाजपा की जीत के लिए अहम कड़ी साबित हो रहे हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

हाल ही में गुजरात विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें भाजपा ने रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल कर चुनावी राजनीति की तमाम प्रचलित अवधारणाओं को बदल कर रख दिया। पार्टी के नेताओं ने भी शायद ऐसी जीत की कल्पना नहीं की थी। चुनाव परिणाम आने के बाद इस जीत का श्रेय पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को दिया गया, लेकिन यह जानना दिलचस्प है कि खुद मोदी ने इस जीत के पीछे एक ऐसे नेता का हाथ बताया है, जो चुपचाप अपना काम करता रहा। इस नेता का नाम है सीआर पाटिल, जो गुजरात प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष हैं और नवसारी से सांसद भी। पाटिल के कामकाज के बारे में यही जानना काफी है कि वह देश के एकमात्र सांसद हैं, जिनका कार्यालय आइएसओ प्रमाणीकृत है। अपने संसदीय क्षेत्र के हरेक घर से उनका व्यक्तिगत नाता है, भले ही उस घर में उनका समर्थक हो या नहीं।

### कौन हैं सीआर पाटिल

गुजरात की राजनीति में शायद ही कोई ऐसा होगा, जो सीआर पाटिल को नहीं जानता होगा। उनका जन्म 16 मार्च 1955 को महाराष्ट्र के पिंपरी में हुआ था। उनकी शिक्षा की शुरुआत गुजरात में अलग-अलग जगहों से हुई। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर शिक्षा प्राप्त करके सूरत आइटीआइ से अपनी पढ़ाई पूरी की। चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल 1989 में भाजपा से जुड़े थे। भाजपा से जुड़ने से पहले पाटिल गुजरात पुलिस की कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर एक को-ऑपरेटिव बैंक का संचालन कर रहे थे। पाटिल की भाजपा में इंट्री नरेंद्र मोदी द्वारा हुई। वह तकनीक के इस्तेमाल में माहिर माने जाते हैं, जिसके चलते वह सोशल मीडिया के जरिये हमेशा जनता के संपर्क में बने रहते हैं। लंबे समय से पार्टी के लिए सूरत में काम कर रहे सीआर पाटिल को पहला मौका तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। सीआर पाटिल भाजपा के टिकट पर 2009 में नवसारी से लड़कर पहली बार संसद में पहुंचे। इस चुनाव में पाटिल को सवा चार लाख से अधिक वोट मिले और उन्होंने 1.32 लाख मतों के अंतर से कांग्रेस के उम्मीदवार को धनसुख राजपूत को हराया। इसके बाद पाटिल ने पलट कर नहीं देखा। 2014 के चुनाव में पाटिल ने नवसारी के चुनाव में 70.72 फीसदी वोटों पर कब्जा जमाया और इस चुनाव में 8.20 लाख से अधिक मत हासिल किये और पांच लाख 58 हजार 116 मतों से जीत हासिल की। 2019 के लोकसभा चुनाव में पाटिल ने फिर अपने करिश्मे को बरकरार रखा और नौ लाख 72 हजार 739 (74.37 प्रतिशत) वोट हासिल किये। पाटिल इस चुनाव देशभर में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले सांसद बने। उन्होंने छह लाख 89 हजार 688 वोटों से कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया। यह रिकॉर्ड जीत थी। सीआर पाटिल अपने ही वोटरों के बीच इतने लोकप्रिय हुए कि पिछले लोकसभा चुनाव में वह सबसे ज्यादा बढ़त के साथ देश में तीसरे नंबर पर आ गये।



### ऐसे काम करता है पाटिल का कार्यालय

पाटिल एक संगठनकर्ता ही नहीं, सर्वाधिक लोकप्रिय सांसद भी हैं। साल 2015 में उनके ऑफिस को बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए आइएसओ 2009 से प्रमाणित भी किया जा चुका है। आइएसओ प्रमाणित ऑफिस संभालने वाले सीआर पाटिल देश के पहले सांसद हैं। उनके सांसद कार्यालय में कोई जाता है, तो उसका आदरपूर्वक स्वागत होता है। पानी वगैरह से सत्कार के बाद उस व्यक्ति की तकलीफ और परेशानी पूछी जाती है। उसके बाद समाधान तलाशने की ईमानदार कोशिश की जाती है। उनके ऑफिस के माध्यम से हर रोज साढ़े सात सौ से ज्यादा चिट्ठियां क्षेत्र के लोगों को भेजी जाती हैं। हर महीने करीब ढाई लाख चिट्ठियां क्षेत्र के लोगों को भेजी जाती हैं।

### पीएम मोदी के विश्वसनीय हैं

अपने संसदीय क्षेत्र के साथ ही सीआर पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी विकास कार्यों के क्रियान्वयन में समन्वय की जिम्मेदारी निभायी है। इसके चलते दोनों लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

### प्रदेश अध्यक्ष बनते तैयार कर दी भाजपा की अपराजेय सेना

17वीं लोकसभा चुनाव में सबसे बड़े अंतर से जीतने पर पाटिल को पार्टी ने जुलाई, 2020 में भाजपा के गुजरात प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी। पाटिल ने न सिर्फ नवसारी से जीत हासिल की, बल्कि सूरत में भी भाजपा को मजबूत बनाया। उनके वोट प्रतिशत में इजाफे के पीछे कहा जाता है कि उनका प्रबंधन कारण है। पाटिल की सूरत के डायमंड और टेक्सटाइल उद्योग पर भी अच्छी पकड़ है। यही वजह है कि 2017 में जब कहा गया कि सूरत में भाजपा को झटका लगेगा, तो ऐसा नहीं हुआ। पार्टी ने लगभग सभी सीटें जीतीं। हालांकि 2021 के महानगरपालिका चुनाव में आप की एंट्री जरूर हुई, लेकिन 2022 के चुनावों में आप सूरत में एक भी विधानसभा सीट नहीं जीत पायी, जबकि आप ने अपने सभी हेवीवेट प्रत्याशी सूरत से उतारे थे। इसमें खुद गोपाल इटालिया भी शामिल थे।

### पन्ना प्रमुख मुहिम भी पाटिल की देन

सीआर पाटिल को भाजपा की पन्ना प्रमुख मुहिम को आगे ले जाने का श्रेय हासिल है। पाटिल ने अपने संसदीय क्षेत्र में पेज समिति का प्रयोग किया। 2019 के चुनाव में पाटिल ने अनोखा प्रयोग करते हुए अपने लोकसभा क्षेत्र में पेज समितियों का गठन किया और इन्हीं को प्रचार का काम सौंप दिया। अपने क्षेत्र में पाटिल प्रचार के लिए नहीं गये। न ही किसी बड़े नेता की सभा करवायी। इसके बाद भी पाटिल रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीते। इसके बाद पाटिल जब 2020 में प्रदेश अध्यक्ष बने, तो उन्होंने यह सफल प्रयोग गुजरात में हुए आठ विधानसभा सीटों के उपचुनावों में लागू किया और इसे पन्ना प्रमुख का नाम दिया। इसके नतीजे भी बेहतर रहे। इसके बाद 2022 के चुनावों में सीआर पाटिल ने पेज समिति के प्रयोग को पूरे प्रदेश में लागू किया। इससे भाजपा को 156 सीटें जीतने में मदद मिली।

गुजरात चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद जब पार्टी के संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी का अभिनंदन किया गया, तो पीएम मोदी ने इस जीत का श्रेय सीआर पाटिल को दिया। पाटिल का मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल अगले साल मार्च-अप्रैल तक है। आज गुजरात में भाजप के बूथ और पन्ना प्रमुखों की संख्या 84 लाख है। हर पन्ना प्रमुख को गुजरात के सिर्फ तीन परिवारों के पास जाना है और उन्हें सरकारी योजनाओं-सुविधाओं से अवगत करना है। सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना है। पार्टी की विचारधारा और नीतियों से भी अवगत करना है। 2011 की जनगणना के मुताबिक गुजरात की जनसंख्या साढ़े छह करोड़ से ज्यादा है। हर परिवार में औसतन कम से कम चार से पांच लोग होते ही हैं। अगर एक पन्ना प्रमुख तीन परिवार को साधने में सफल हो जाता है, तो यह संख्या चार करोड़ के पार चली जाती है। गुजरात में इस साल 66.31 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसमें भाजपा को 52.5 प्रतिशत मत मिले। समझा जा सकता है कि पन्ना प्रमुखों की क्या भूमिका रही होगी। संगठन कितना प्रभावी तरीके से काम कर रहा होगा। पीएम मोदी, अमित शाह और सीआर पाटिल की तिकड़ी कितनी प्रभावशाली होगी कि गुजरात में भाजपा को 156 सीटें मिल गयीं और रिकॉर्ड बन गया।

### भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने की सीआर पाटिल की तारीफ

संसदीय दल कि बैठक में पीएम मोदी ने कहा था कि जीत का श्रेय पार्टी के राज्य प्रमुख सीआर पाटिल को दिया जाना चाहिए। साथ ही इस रिकॉर्ड जीत का श्रेय संगठनात्मक मजबूती को भी जाता है। मोदी ने कहा कि यदि संगठन मजबूत होता है, तो जीत कैसे संभव बनायी जा सकती है, भाजपा की गुजरात इकाई इसका एक उदाहरण है। पीएम ने कहा कि सीआर पाटिल चुपचाप अपना काम करने में यकीन रखते हैं। वह फोटो खिचवाने की प्रतियोगिता में नहीं रहते। वह मंच पर बैठने की होड़ में भी नहीं रहते। वह कार्यकर्ताओं के बीच में काम करते हैं और रिजल्ट देते हैं।

### लंबी छलांग लगा सकते हैं सीआर पाटिल

जिस प्रकार से पीएम मोदी ने सीआर पाटिल को गुजरात फतह का श्रेय दिया है, इससे तो यही लगता है कि सीआर पाटिल कोई लंबी छलांग लगाने को तैयार हैं। जिस तरह से उनकी संगठनात्मक शक्ति को सराहा जा रहा है, वह कई सवालों का जवाब भी दे रहा है। यदि उन्हें पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाये, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

---

### कोतरे की अवैध खदानों को शुरू कराने वाला फाइनेंसर अर्जुन कौन है?

# रामगढ़ के कोयले पर हजारीबाग के कोल माफियाओं की नजर

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ के कोयले पर हजारीबाग के कोयला तस्करों की बुरी नजर है। जिले के घाटो क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अवैध कोयला टपाकर हजारीबाग इलाके में ले जाने की बड़ी कहानी रची जा रही है। इस कहानी में बड़े से बड़े धुरंधर शामिल हैं। खेल में माहिर खिलाड़ी कोयला टपाने की मजबूत रणनीति बनाकर आगे बढ़ रहे हैं। कोयले को टपाने के लिए रांची से भी लॉबिंग की जा रही है। लॉबिंग के अनुसार कोयला टपाने में कोई भी सामने आया तो उससे निपटने का भी उपाय निकाला जायेगा। हालांकि उनकी रणनीति कितनी कारगर और सटीक साबित होगी। वह तो आने वाला समय ही बतायेगा। फिलहाल कोयला टपाने की रणनीति में तस्कर जुटे हैं।

**अवैध माइनिंग का सबसे बड़ा इलाका कोतरे को शुरू करने की तैयारी!**

रामगढ़ जिले का सबसे बड़ा अवैध माइनिंग का इलाका माना जाने वाला वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के कोतरे इलाके से भारी मात्रा में अवैध खनन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कोयला तस्कर रामगढ़ जिला और हजारीबाग जिला के बीच सामंजस्य स्थापित करने में जुटे हैं। कोयला तस्करों का मानना है कि अगर इस क्षेत्र में अवैध माइनिंग शुरू हो गयी तो कोयले की कोई कमी नहीं होगी। साथ ही बड़े पैमाने पर कोयला तस्करी कराने में मजबूती मिलेगी। सूत्रों के अनुसार कोतरे से अवैध माइनिंग शुरू कराने के लिए कोयला तस्कर कई पुलिस पदाधिकारियों के संपर्क में हैं और जल्द ही अपने मंसूबे में कामयाब होने की उम्मीद जता रहे हैं।

### जिले का सबसे बड़ा अवैध माइनिंग का इलाका कोतरे को शुरू करने की तैयारी



### कौन है अर्जुन?

अवैध माइनिंग का बड़ा इलाका कोतरे को शुरू कराने वाला अर्जुन इन दिनों काफी चर्चा में बना हुआ है। सूत्र बताते हैं कि अर्जुन नामक व्यक्ति अवैध माइनिंग को शुरू कराने के लिए फाइनेंस का जिम्मा लिया है। उसके फाइनेंस के कारण वहां पर अवैध माइनिंग की शुरूआत हो सकती है। हालांकि इस खेल में और भी बड़े धुरंधर शामिल हैं। जो पर्दे के पीछे से रिमोट कंट्रोल कर रहे हैं।

### जंगली इलाका का फायदा हमेशा उठाते हैं कोला तस्कर

वैसे तो कोतरे का इलाका काफी घने जंगलों से घिरा है। जिसका फायदा भी कोयला तस्कर खूब उठाते हैं। जंगली इलाका होने के कारण कोई भी कार्रवाई का डर नहीं रहता है। सूत्रों का मानना है कि उस इलाके में पुलिस भी जाने से कतराती है। हालांकि समय-समय पर कार्रवाई भी कर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते रहती है। जानकारों का मामना है कि इस इलाके से एक बार अवैध खनन की शुरूआत हो गयी तो पूरा सीजन नहीं रुकता है। जिसके कारण कोयला तस्करों की बुरी नजर इस इलाके पर हमेशा रहती है।

---

### भारत से माफी मांगे बिलावट भुट्टो : सुनील कुमार सिंह

**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाक के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी पर तीखे शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि इसके लिए भारत और भारवासियों से बिलावल भुट्टो के साथ पाकिस्तान को माफी मांगनी चाहिए। इस प्रकार की टिप्पणी कतई स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन लोगों में से हैं जो हमारे हिंदू धर्म को बचाने के लिए कड़ा प्रयास कर रहे हैं और यह पाकिस्तान बर्दाश्त नहीं कर पाता है। इसलिए वो इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी करता रहता है। यह टिप्पणी न सिर्फ हमारे पीएम का अपमान है बल्कि यह पूरे भारवासियों का अपमान है। इसके लिए बिलावल भुट्टो को अविलंब माफी मांगनी चाहिए। श्री सिंह ने आगे कहा कि वैश्विक पटल पर पाकिस्तान का नापाक चेहरा उजागर हो गया है कि वह कितने नीचले स्तर तक की बयानबाजी कर सकता है। एक ओर पूरी दुनिया पीएम मोदी को वैश्विक नेता के रूप में देखती और मानती है, दूसरी ओर इससे चिढ़े नापाक पाकिस्तान अपना असली चेहरा उजागर कर यह बता रहा है कि वह आतंकवाद और आतंकवादियों का पालन करनेवाला है।

---

### दिन-रात खदान से लोड किया जा रहा है कोयला

# कोयला तस्करों के लिए मुफीद है बड़कागांव इलाका


**पूरे थाना क्षेत्र में बेरोक-टोक चलता है गैर-कानूनी धंधा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगर आप कोयला तस्करी करना चाहते हैं, तो हजारीबाग के बड़कागांव थाना क्षेत्र में चले जाइये। वहां इन दिनों कोयले की चोरी नहीं, लूट मची हुई है।

दिन-रात खदान से कोयला लोड कर सुरक्षित ठिकानों तक ले जाया जा रहा है और फिर वहां से उसे बनारस समेत दूसरी मंडियों में भेजा जा रहा है।

बीच में इस धंधे पर विराम लगा था, लेकिन पिछले पांच दिनों से यह कारोबार अचानक शुरू हो गया। इस धंधे से जुड़े लोगों का कहना है कि सिग्नल मिलने के बाद धंधा शुरू किया गया है, जो अब बिना रोक-टोक के चलेगा। पुलिस केवल उस गाड़ी को रोकती है, जिसका मालिक सेटिंग नहीं कर पाया हो या तय राशि का भुगतान नहीं कर सका हो।



### ऐसे चलता है पूरा कारोबार

जानकारी के अनुसार, कुंदनपुरा और मोहरा की खदानों से कोयला निकाला जा रहा है। इसे पहाड़ पर चढ़ाया जाता है। वहां कोल डंप बनाया गया है। फिर यहां से ट्रकों से कटकमदाग के रास्ते मंडियों में भेजा जा रहा है। इस धंधे में करीब पांच सौ मजदूर लगे हुए हैं और कोई बड़ी दुर्घटना कभी भी हो सकती है। ऊपर के अधिकारियों को इसकी जानकारी है या नहीं, इसकी पक्की जानकारी नहीं है, लेकिन कुंदनपुरा से ही कुछ ट्रक चरही के रास्ते हजारीबाग की ओर भेजे जा रहे हैं। इस धंधे में शामिल अधिकांश लोग बिहार और उत्तर प्रदेश के हैं। कोयला स्थानीय ईंट भट्ठों में भी खपाया जा रहा है। इस काम के लिए ट्रैक्टर उपलब्ध हैं।

### क्या है रेट

बड़कागांव और कटकमदाग पुलिस को 30-30 हजार रुपये प्रति टर्बो के हिसाब से दिया जाता है, वहीं वन विभाग 10 हजार रुपये प्रति टर्बो ले रहा है।

### केरेडारी के कुछ इलाके से भी तस्करी

हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के हेंदेगीर इलाके से भी ट्रक उसी कोयले की तस्करी हो रही है, जो बुढ़मू के रास्ते निकलता है। अनुमान के अनुसार 10 से 15 ट्रक कोयला इस रास्ते से निकलता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 °c | 9.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.26 बजे |



### झामुमो रांची जिला समिति ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# कार्यकर्ता संयम रखें, सबको सम्मान मिलेगा: विनोद पांडेय

**राज्य समन्वय समिति सदस्य के साथ में राज्यमंत्री का दर्जा दिये जाने पर विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा और योगेंद्र प्रसाद का किया गया सम्मान**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति द्वारा राज्य समन्वय समिति सदस्य के साथ में राज्यमंत्री का दर्जा दिये जाने पर विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा और योगेंद्र प्रसाद के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया।

मौके पर विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि हमारा सम्मान कार्यकर्ताओं का सम्मान है। सभी कार्यकर्ता को सम्मान मिलेगा, संयम रखें। जिस तरह से हेमंत सोरेन की सरकार काम कर रही है एक-एक कार्यकर्ता को सम्मान मिलेगा। वहीं सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज इस सम्मान ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का काम किया है।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, केंद्रीय सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य, जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, डॉ चिंतामनी सांगा, अंतु तिर्की, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, जनक नायक, अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, बीरू साहू, संगठन सचिव जुलफीकार खान, प्रदीप भोगता, सुकुवा महतो, आदिल, लालजय कुमार नाथ शाहदेव, अफरोज अंसारी, डॉ तालकेश्वर महतो, अरुण वर्मा, संजय राय, नवीन चंचल, डॉ बबलू राम, रामशरण विश्वकर्मा, भुनेश्वर साहू, मंटू लाला, रामशरण तिर्की, जावेद अख्तर अंसारी, मो असलम, कुदुस अंसारी, बेलाल अंसारी, विनोद तिर्की, परविंदर नामधारी, कैथेरीना तिर्की, आफताब आलम, परवेज आलम गुड्डू मृत्युंजय सिंह, योगेंद्र राम, आशुतोष वर्मा, सागर वर्मा, साहिल यादव, विलियम रिचर्ड लकड़ा, राहुल वर्मा, गोपाल पांडेय, इस्लाम अंसारी, मोजाहिद हुसैन, नीरज वर्मा, लक्ष्मण राम, सैयद फिरोज आलम, राखी देवी, लाला महली, प्रमोद चौबे, सुनिता देवी, कयूम अंसारी, प्रदीप मिर्धा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, सोमू बनर्जी, नवीन तिर्की, अफरोज, आसिफ मंसूरी, राधिका महतो, अजीत महतो, भागीरथ महतो, सुबोध महतो, अनिल बेदिया, अमित कुमार महतो, रवि निरंजन टोप्पो, नरेश कुमार यादव, सोनू मुंडा, रिजवान अंसारी, असलम अंसारी, दीपक मुंडा, मो सज्जाद अंसारी, नंदू मेहता, अनिल पासवान, विशाल पासवान, सुभाष प्रजापति, रंजीत कुमार, वसीम अकरम, सचिन उरांव, बुत्तरू उरांव, पहना तिर्की, सालो देवी, ओम शर्मा, करजनी चंद्र पाहन, मोहन उरांव, सहाबुद्दीन अंसारी, सबिबुल रहमान, जैनुल अंसारी, प्रदीप उरांव, सिंटू साहू, संतोष साहू, सरवन, ईमरान खान, मो फुरकान, सहनावाज हुसैन, वसीम राबिया खान, राकेश वर्मा, नागेश्वर महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भाजपा की सदस्यता दिलायी

# झामुमो के पूर्व विधायक सुफल मरांडी भाजपा में हुए शामिल

**संथाल परगना से झामुमो का मजबूत स्तंभ ध्वस्त हो गया : दीपक प्रकाश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को संथाल परगना क्षेत्र में झामुमो के कद्दावर नेता रहे पूर्व विधायक सुफल मरांडी ने झामुमो छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में पाकुड़ जिला अंतर्गत पाकुड़िया प्रखंड के झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता जुनास मुर्मू, महेश मुर्मू, पूर्व मुखिया कमल हांसदा शामिल हैं। सदस्यता ग्रहण के अवसर पर भाजपा के पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, प्रदेश मंत्री और पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, शर्मिला रजक, प्रदेश कार्यसमित सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह, बबलू भगत, जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल, मिहिर मंडल, संजय साहू आदि उपस्थित थे।

सदस्यता ग्रहण कराते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि आज संथाल परगना से झामुमो का मजबूत स्तंभ ध्वस्त हो गया। कार्यकर्ताओं का विश्वास अब झामुमो से खत्म होता जा रहा है। झामुमो कार्यकर्ताओं को अब समझ में बात आने लगी कि जिस पार्टी को उनलोगों ने खून पसीने से सींचा उसका झारखंड की गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े के विकास की कोई चिंता नहीं है। दीपक प्रकाश ने कहा कि जनता को विश्वास हो गया कि राज्य के विकास की चिंता केवल भारतीय जनता पार्टी ही करती है।

#### झामुमो ने परिवारवाद की पराकाष्ठा कर दी : बाबूलाल

नेता विधायक दल और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवार वादी पार्टियों से जनता और उनके कार्यकर्ता दोनों का विश्वास समाप्त होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने परिवारवाद की पराकाष्ठा कर दी। शिबू सोरेन परिवार राज्य को लूटने और लुटवाने में पूरी तरह शामिल हो गया। झामुमो के लिए सत्ता लूट का माध्यम है। उन्होंने कहा कि झामुमो के कार्यकर्ताओं पार्टी से बाहर निकल कर राज्य को बचाने की चिंता हो रही है। इसलिए राज्य का गठन कराने वाली एवं राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने वाली पार्टी भाजपा से जुड़ना चाहते हैं। बाबूलाल मरांडी ने सुफल मरांडी सहित सभी का भाजपा में स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

#### पार्टी संथाल परगना में और मजबूत होगी : कर्मवीर सिंह

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी पार्टी का पटका पहनाकर सुफल मरांडी एवं उनके साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दी। संगठन महामंत्री ने कहा कि सुफल के भाजपा में आने से पार्टी का संगठन संथाल परगना में और मजबूत होगा। सदस्यता ग्रहण करते हुए पूर्व विधायक सुफल मरांडी ने कहा भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो विकसित झारखंड के सपना को साकार कर सकती है। राज्य गठन का सपना भी भाजपा ने ही पूरा किया था। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अलग राज्य दिया और आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की नयी गाथा लिख रहे हैं, भारत आज दुनिया को दिशा दे रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सिर्फ एक परिवार के विकास की चिंता करने वाली पार्टी बन चुकी है। हेमंत राज में राज्य की खनिज संपदा लूटी जा रही। आदिवासी, दलित महिला, पिछड़ा सभी समाज आज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व जो भी जिम्मेवारी देगा उसे ईमानदारी से निभाने की कोशिश करूंगा। संथाल परगना के गांव-गांव में भाजपा का झंडा लहराए इसके लिए वे पूरा परिश्रम करेंगे। उन्होंने भाजपा के प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र

# सरकार का जनहित में संकल्प और भी मजबूत होगा : शिल्पी नेहा तिर्की

**कहा-भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं की छटपटाहट बता रही है कि वह अब हताश हो गये हैं**

**वे किसी भी तरीके से गठबंधन सरकार को कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा की सदस्य और मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को कहा कि झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जनहित के प्रति समर्पित गठबंधन सरकार का संकल्प और भी ज्यादा मजबूत होगा। इस सत्र में सरकार दृढ़ संकल्प एवं उत्साह के साथ अपनी सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करेगी। रविवार को सत्तापक्ष की बैठक के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अब एक बात पूरी तरीके से स्पष्ट हो चुकी है। सत्ता से अलग होने के बाद भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं की छटपटाहट निरंतर जारी है और वे किसी भी तरीके से गठबंधन सरकार को कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं। लेकिन उनकी कोशिश किसी भी स्थिति में सफल नहीं होगी और इसके लिए सत्तापक्ष पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है।

# 17 फरवरी से रांची में सांसद खेल महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक सभा क्षेत्र रांची के लिए 17 फरवरी से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन 19 फरवरी को होगा। प्रेस क्लब, रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद संजय सेठ ने यह जानकारी दी। बताया कि खेल महोत्सव रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जायेगा।

महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीम इसमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से तकनीकी सहयोग मिलेगा। जिन खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेना है, वे 20 जनवरी से 5 फरवरी तक रांची सांसद के कार्यालय से फॉर्म ले सकते हैं। फॉर्म भरकर सांसद कार्यालय में ही जमा करना होगा। मौके पर झारखंड ओलंपिक संघ के मधुकांत पाठक और अन्य भी उपस्थित थे।



#### यह होगा खास

संजय सेठ ने बताया कि ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की कोशिश है। 2000 से ज्यादा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ईचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए रहने की व्यवस्था खेलगांव में होगी। बाकी विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी अपने घर से आयेंगे। खिलाड़ियों के खाने की व्यवस्था खेलगांव में की जायेगी। **सांसद खेल महोत्सव में इन खेलों में होगी प्रतियोगिता:** आर्चरी, वुशु, कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, योगासन।

# राज्य सरकार के असंवैधानिक कार्यों को लेकर होगा आंदोलन: अमर कुमार बाउरी

**भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की कार्य योजना को लेकर बैठक**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की आगामी कार्य योजना को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आज की बैठक में मुख्य रूप से आगामी एक वर्ष की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही राज्य में अनुसूचित जाति समाज के उपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ समाज को जागरूक कर उसके खिलाफ आंदोलन करने पर चर्चा हुई।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि वर्तमान की राज्य सरकार असंवैधानिक रूप से राज्य के दलितों के खिलाफ कार्य कर रही है और दलितों को उनके हक और अधिकार से वंचित कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि आज की बैठक में बस्ती संपर्क अभियान की समीक्षा भी की गयी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला देवी पाटले, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राशिफल


डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रुके हुए काम पूरे होंगे, भूमि-भवन संबंधी समस्याओं का समाधान, आर्थिक लाभ होगा। |
| वृष | भौतिक सुख-सुविधा, रचनात्मक कार्य में सफलता, उद्योग-धंधे में सफलता मिलेगी। |
| मिथुन | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, निर्माण कार्यों में प्रगति, सहयोगियों से अनुकूलता। |
| कर्क | संकल्पित काम पूरे होंगे, यात्रा सफल, आर्थिक लाभ, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |
| सिंह | नये-पुराने लोगों से संपर्क बढ़ेगा, सामाजिक प्रभाव का लाभ, रोजी-रोजगार बढ़ेगा। |
| कन्या | व्यर्थ की आंशका से मन अस्थिर रहेगा, सद्भाव-विश्वास में कमी, अनावश्यक खर्च से परेशानी। |
| तुला | आरोग्य सुख, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति, आकस्मिक धन लाभ होने का योग है। |
| वृश्चिक | महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार में उन्नति होगी। |
| धनु | श्रेष्ठजनों के सहयोग से बिगड़े कार्य बनेंगे, साहस-पराक्रम की वृद्धि, आय के स्रोत बढ़ेंगे। |
| मकर | घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, संतान सुख, मनोकामनाएं पूरी होंगी। |
| कुंभ | स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, बनते-बनते काम बिगड़ सकता है, मानसिक अशांति होगी। |
| मीन | विविध उलझनों का सामना होगा, विरोधियों स्वजनों से कष्ट, व्यय की अधिकता रहेगी। |

### कार्यक्रम : बीआइटी मेसरा के लालपुर कैंपस में डिग्री वितरण समारोह

# देश में क्वालिटी एजुकेशन का घोर अभाव: स्पीकर

**कुल 583 डिग्रियां बाटीं गयीं, कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि देश में क्वालिटी एजुकेशन का घोर अभाव है। इसे आगे ले जाने में युवा पीढ़ियों पर ज्यादा दारोमदार है। क्वालिटी एजुकेशन को कैसे बेहतर बनायें, इस पर सभी संस्थानों को कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बहुत ही जरूरी है ताकि देश और राज्य की तरक्की में उनकी सहभागिता हो सके। महतो रविवार को बीआइटी मेसरा के लालपुर कैंपस में आयोजित डिग्री वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन विद्या अर्जित करने के बाद हर विद्यार्थियों की इच्छा रहती है कि जो विद्या ग्रहण किया है उसका लाभ उसे मिले। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा दे रहे प्राध्यापकों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ये आपके लिए भी गर्व की बात है। जो आपने शिक्षा दिया उसको लेकर ये विद्यार्थी प्रैक्टिकल लाइफ में खुद को स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्धनता की वजह से कई बच्चे बड़े संस्थानों में नहीं पढ़ पाते हैं। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना शुरू की गयी है। इस योजना को शुरू करने का झारखंड सरकार का उद्देश्य है, बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त कराना ताकि वो आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि छात्र अपने मनोबल को ऊंचा रखें और हमेशा आगे बढ़ने की प्रवृत्ति को जिंदा रखें सरकार उनके साथ खड़ा है।

बीआइटी मेसरा के लालपुर एक्सटेंशन में कुल 583 डिग्रियां बाटीं गयीं। महतो ने विद्यार्थियों को डिग्रियां बाटीं। बीआइटी मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने डिग्री ले रहे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कई ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जिन्होंने आज शिक्षा ग्रहण कर देश-दुनिया में बीआइटी मेसरा का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसी संस्थान के लिए डिग्री सेरोमनी एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है। डॉ मन्ना ने कहा कि संस्थान का फोकस केवल पढ़ाई पर ही नहीं, बल्कि रिसर्च पर भी है। उन्होंने कहा कि लगातार संस्थान रिसर्च का दायरा बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीआइटी मेसरा राज्य के विकास में एक सेतु का काम करे इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। डॉ मन्ना ने कहा कि इंडस्ट्रीज प्रोफेशनल्स के लिए एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम शुरू करने की योजना है। इस दिशा में कार्रवाई चल रही है। मन्ना कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े थे।

कार्यक्रम में बीआइटी मेसरा लालपुर एक्सटेंशन कैंपस की निदेशक डॉ बंदना भट्टाचार्य ने संस्थान की उपलब्धियां गिनायीं। पिछले एक वर्ष में किये गये रिसर्च और वर्कशॉप के बारे जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप के अलावा शोधार्थियों को नये शोध पत्रों से अवगत कराया गया। साथ ही देश और विदेशों के जाने-माने उद्योपतियों का लेक्चर भी हुआ। निदेशक ने बताया कि 10 पीएचडी उपाधि दी गयी। इनमें मैनेजमेंट आठ और टेक्नोलॉजी में दो पीएचडी डिग्री शामिल हैं। पीजी में 184 डिग्रियां दी गयी, जिनमें इंटीग्रेटेड एमसीए में 1, एमबीए में 86, एमसीए (तीन वर्षीय) में 34 और एमसीए (दो वर्षीय) में 63 डिग्री प्रदान की गयी जबकि यूजी में 389 डिग्रियां बांटी गयी। इसमें बीबीए में 199, बीसीए में 190 डिग्री शामिल हैं। कुल 583 डिग्रियां बांटी गयी। विद्यार्थी भारतीय परिधान में डिग्री प्राप्त किये। इस मौके पर डॉ संजय झा, डॉ प्रदीप मुंडा, डॉ पीके बनर्जी, डॉ एके सिंह, डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, डॉ शिवा मित्रा, डॉ एनपी तिवारी, डॉ अपर्णा शुक्ला, डॉ अविनाश सिन्हा, डॉ विजय लक्ष्मी, मीडिया प्रभारी राणा प्रताप मिश्रा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## जमुआ की बेटी काशी हिंदू विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक से सम्मानित

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ प्रखंड के मिर्जागंज के जगन्नाथडीह निवासी मीरा देवी पति स्व बासुदेव साव की पुत्री आराधना कुमारी को वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित 102वें दीक्षांत समारोह में आचार्य (परास्नातक) में सर्वाधिक अंक प्राप्त बीएचयू स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

आराधना प्रारंभ से ही पारंपरिक संस्कृत की पढ़ाई की व विनोबा भावे विश्वविद्यालय से ही संबद्ध' संस्कृत हिंदी विद्यापीठ' से ही उपशास्त्री(इंटर) तथा शास्त्री (स्नातक) साहित्य विषय से उत्तीर्ण किया। इसके बाद आगे आचार्य (परास्नातक) के अध्ययन के लिए प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत विधा धर्म विज्ञान संकाय में साहित्य विषय में प्रवेश कर आचार्य उत्तीर्ण कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के सचिव सुरेंद्र प्रसाद वर्मा और सभी अधिकारियों सहित संघ के परिवार ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref No. 25482 dated 29.11.2022 I, **UPASNA AGARWAL,** D/o Late Bijay Kumar Jalan, W/o Sri Rajesh Kumar, age - 33 years, residing at Flat No. 502, Block-C, Panchwati IVY, Murram Kalan, District - Ramgarh (Jharkhand) Pin Code-829122 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my maiden name is UPASNA JALAN and my date of Birth is 11 Nov 1989.
2. That I got married with Rajesh Kumar on 09 June 2009.
3. That after marriage, my name is UPASNA AGARWAL.
4. That my Aadhar No is 9201 1444 7077 with my present name UPASNA AGARWAL.
5. That my PAN No is BPHPA7082M with my present name UPASNA AGARWAL.
6. That UPASNA JALAN and UPASNA AGARWAL is one and same person, which is also known as UPASNA AGARWAL in the locality.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## पहाड़ी जनजाति महिला मर्डर केस में भाजपा ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा

# विपक्ष का वार, सत्ता पक्ष का पलटवार

**साहिबगंज। साहिबगंज के बोरियो में लोकहर्षक घटना के बाद राज्य में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गयी है। विपक्ष ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा, वहीं सत्ता पक्ष इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कह रहे हैं। मालूम हो कि दिलदार अंसारी द्वारा आदिम जनजाति महिला से शादी कर कुछ दिनों के बाद ही हत्या कर 12 टुकड़ों में काटने का मामला सामने आया है।**

### राज्य में नहीं है कोई सुरक्षित : बाबूलाल मरांडी



राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कोई सुरक्षित नहीं है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण संताल के पहाड़िया जनजाति का अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समुदाय विशेष के लोग, घुसपैठिये जमीन हड़पने और जनजातियों का प्रभुत्व खत्म कर संताल के पहाड़िया को ही वहां अल्पसंख्यक बनाया जा रहा है।

### रोंगटे खड़े करने वाली घटना: दीपक प्रकाश



बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रोंगटे खड़े करने वाली घटना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी की ओर से बार-बार कहा जा रहा है कि हेमंत राज्य में कोई सुरक्षित नहीं है। कहा कि राज्य सरकार अपनी वाहवाही बटोरने में जुटी है और राज्य की जनता की सुरक्षा का सुध नहीं है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए आरोपी को कड़ी से कड़ी दिलाने की मांग की।

### कार्रवाई करें, नहीं तो सड़क पर उतरेंगे : प्रतुल शाहदेव



वहीं, बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार में अत्याचार बढ़ गया है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े कुछ लोगों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि कानून व्यवस्था को हाथ में लेने से गुरेज तक नहीं कर रहे हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन को चेतावनी देते हुए कहा कि इस मामले का अविलंब खुलासा करें, वर्ना सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे।

### सबसे अधिक प्रताड़ित आदिवासी हो रहा : संजय सेठ



साहेबगंज में एक पहाड़िया युवती की हत्या पर सांसद संजय सेठ ने आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना न सिर्फ मानवता को शर्मसार करने वाली है बल्कि सभ्य समाज को कलंकित करने वाली है। झारखंड में जब से यूपीए की सरकार बनी है, यह लोग आदिवासियों के हितैषी होने का दंभ भरते हैं परंतु सबसे अधिक प्रताड़ित आदिवासी हो रहा है। सांसद ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय का हितैषी होने की बात करते हैं, झारखंडयों को धोखा देने के लिए खतियानी यात्रा निकाल रहे हैं और दूसरी तरफ झारखंड की आदिवासी बेटियां, उनकी इज्जत, उनकी जिंदगी कुछ भी सुरक्षित नहीं है। इससे वीभत्स और क्या हो सकता है कि आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी बहन बेटियां ही सुरक्षित नहीं हैं। यह इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है। सांसद ने कहा कि सरकार को अब भी चेत जाना चाहिए और ऐसे दरिंदों को फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर तत्काल फांसी की सजा देनी चाहिए परंतु यह सरकार पूरी तरह से तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। कहीं गौ तस्करों के द्वारा आदिवासी दारोगा बेटी मार दी जाती है तो कभी विधर्मियों द्वारा हमारी बेटियां काट दी जाती हैं। कभी जिंदा जला दी जाती हैं और यह सरकार चुपचाप खामोश होकर सारा तमाशा देखती रहती है। मुख्यमंत्री को झारखंड की जनता को जवाब देना चाहिए। आदिवासी हित की बात करते हैं और यहां आदिवासी सुरक्षित नहीं है। संजय सेठ ने कहा कि मुख्यमंत्री अविलंब एसआइटी का गठन करें या फिर इस तरह के मामलों को लेकर एनआइए या सीबीआइ से जांच की अनुशंसा करें। केंद्र सरकार इस मामले की जांच करेगी क्योंकि यह एक सोची समझी साजिश है। यह कोई सामान्य हत्या की घटना नहीं है। संथाल में विधर्मियो के निशाने पर हमारी बेटियां हैं और हमारी सरकार चुप चाप खामोश होकर तमाशा देख रही है। समाज अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### ऐसी घटना कहीं से क्षम्य नहीं है : लोबिन हेंब्रम



वहीं, जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे मामले में जांच कर आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उन्होंने कहा कि एक आदिम जनजाति महिला के साथ घटना कहीं से क्षम्य नहीं है। कहा कि ऐसी घटना से समाज बदनाम हो रहा है। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। राज्य सरकार भी इस मामले में गंभीर है।

### भाजपा को सिर्फ बोलने की आदत : राजेश ठाकुर



विपक्ष के आरोप पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पलटवार किया। कहा कि विपक्ष को सिर्फ बोलने की आदत है। साहिबगंज के बोरियो में लोकहर्षक घटना की कड़ी निंदा करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं, उन्होंने कहा कि पहले मामले को समझना होगा। सरकार भी ऐसे मामले में गंभीर है। कानून व्यवस्था को हाथ में लेने का अधिकार किसी के पास नहीं है।

### दोषियों को जल्द फांसी की सजा मिले : राजेंद्र प्रसाद



आदिम जनजाति महिला को काट डालने की घटना को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने दिल दहला देने वाली जघन्य अपराध और बहुत शर्मनाक घटना बताया है। प्रसाद ने कहा कि हत्यारे दिलदार अंसारी को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से जल्द से जल्द फांसी मिले, इसके लिए झारखंड सरकार से तत्परता से कार्रवाई करने की मांग की है। प्रसाद ने कहा कि झारखंड में ऐसी घटनाओं की हम दूर-दूर तक कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

## बजरंग दल रांची ने निकाली शौर्य यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बजरंग दल रांची महानगर के तत्वावधान में रांची के बिड़ला मैदान में गीता जयंती पखवाड़ा के तहत शौर्य यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ संपत, ध्वजारोहण एवं बजरंग दल के प्रार्थना से हुआ। शौर्य यात्रा में हजारों की संख्या में बजरंगी हाथों में भगवा झंडा लिये पंक्तिबद्ध चल रहे थे। इस दौरान जय श्री राम, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जबतक सूरज चांद रहेगा, 1992 का गीता जयंती याद रहेगा, अयोध्या तो झांकी है, काशी मथुरा बाकी है का गगनभेदी जयकारे लगा रहे थे। कार्यक्रम के बतौर मुख्य वक्ता बजरंग दल के क्षेत्रीय संयोजक जन्मेजय कुमार ने कहा कि इस देश के हिंदू नौजवानों ने बजरंग दल के रूप में अपने को प्रतिष्ठित करके अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। आज का युवा बजरंग दल से जुड़कर अपने को गौरवान्वित महसूस करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, विहिप प्रदेश सहमंत्री रंगनाथ महतो, महानगर मंत्री चंद्रदीप दुबे, महानगर सहमंत्री विश्वरंजन, महानगर कोषाध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी , धर्म प्रसार प्रमुख रेनू अग्रवाल, प्रांत सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नियोजन नीति रद्द होने के विरोध में 21 को विधानसभा का घेराव करेंगे छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नियोजन नीति रद्द होने को लेकर मोहराबादी में बैठक हुई। बैठक में 21 दिसंबर को विधानसभा घेराव का निर्णय लिया गया। मौके पर विनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि के अवसर पर विनोद बिहारी महतो को श्रद्धांजलि अर्पित कर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले बेरोजगार छात्रों का नियोजन नीति के रद्द होने के बाद बैठक कर कहा गया कि झारखंडी छात्रों के हित में एक स्पष्ट नियोजन नीति लागू कर, जेपीएससी तथा जेएसएससी में पांच वर्ष का उम्र सीमा छूट देते हुए समस्त रिक्त पदों पर जल्द से जल्द बहाली किया जाये।

साथ ही देवेंद्र नाथ महतो, योगेश, चंदन, गुलाम, कुणाल, स्मृति, विनय ने बताया कि झारखंड सरकार सुनियोजित तरीके से जानबूझ रोजगार नहीं देने की मंशा से ऐसा नियोजन नीति बनायी थी जो आगे चलकर रद्द हो जाये और अपने मंशा पर हेमंत सरकार सफल भी हो गयी।

सरकार असंवैधानिक नियोजन नीति को सुप्रीम कोर्ट ले जाकर छात्रों का समय बर्बाद ना करे। सरकार अपने पॉवर का प्रयोग कर विधानसभा झारखंडी हित में स्पष्ट नियोजन नीति बनाकर तत्काल झारखंडियों को नियोजन करे, अन्यथा झारखंड के छात्र अब आर पार की लड़ाई लड़ेंगे।

## एसबीआइ के प्रधान कार्यालय की स्थापना कर झारखंड के हितों की रक्षा करे केंद्र : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड गठन के बाद 22 वर्षों की बड़ी अवधि बीत जाने के बाद भी देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक का मंडल कार्यालय पटना से ही झारखंड की शाखाओं का संचालन करता है। रांची में इसकी स्थापना नहीं होने के कारण झारखंड को अनेक नीतिगत, व्यापारिक, आर्थिक और व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इसके कारण ना केवल सरकार बल्कि आम लोगों के सामने भी अनेक परेशानियां बरकरार हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे गये एक पत्र में तिर्की ने कहा कि झारखंड में भारतीय स्टेट बैंक की कुल 567 शाखाएं कार्यरत हैं और पटना मंडल की पांच सबसे बड़ी शाखाएं धनबाद, जमशेदपुर, रांची और डोरंडा शाखा झारखंड में ही हैं। इसके साथ ही यह तथ्य भी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है कि पटना मंडल के कुल कारोबार का 40 प्रतिशत झारखंड में ही होता है। लेकिन फिर भी व्यावहारिक दृष्टिकोण से पटना मंडल के अधीन होने के कारण सही समय पर सही निर्णय नहीं होता और इसका खामियाजा न केवल झारखंड सरकार बल्कि आम लोगों को भी गहराई तक भुगतना पड़ रहा है। तिर्की ने कहा कि इसका नकारात्मक प्रभाव झारखंड के साथ ही देश के आर्थिक विकास पर भी पड़ रहा है।

## खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक रांची मोरहाबादी स्थित नीलांबर पीतांबर पार्क रांची में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू तथा संचालन केंद्रीय सचिव जगन्नाथ भोगता ने किया। बैठक में 24 दिसंबर को रांची कॉलेज फुटबॉल मैदान में आयोजित खरवार भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैली की तैयारी की समीक्षा की गयी। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। दर्शन गंझू ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से खरवार की भोगता सहित सभी आठ उपजातियों को एसटी में शामिल करने पर सभी केंद्रीय मंत्रियों एव सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा तथा केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह, केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जनजातीय राज्य मंत्री विशेश्वर टुडू, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, सांसद सुनील सिंह, चंद्रप्रकाश चौधरी, निशिकांत दुबे, सांसद संजय सेठ सहित कई प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में केंद्रीय सरंक्षक योगेश्वर सिंह भोगता, सचिव जगन्नाथ भोगता, झलकु गंझू, कोलेश्वर गंझू,रामदेव सिंह भोगता, रमन गंझू, उमेश सिंह भोगता, कजरु गंझू, सत्यनारायण भोगता, प्रेम गंझू, प्रकाश गंझू, दीपू गंझू, हर्षनाथ भोगता, संजय गंझू, रामधारी गंझू, हेमलाल गंझू, संजीत कुमार गंझू, शिवदयाल गंझू, महेश गंझू, अमृत गंझू, प्रयाग गंझू, बासुदेव गंझू, परमेश्वर भोगता, सुलेंद्र गंझू आदि उपस्थित थे।

# आइएसएम पुंदाग में फ्रेशर्स डे मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएसएम पुंदाग में सत्र 22-23 में एमबीए और डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट कोर्सेज में दाखिला लिए हुए छात्र - छात्राओं के स्वागत में सीनियर्स छात्र छात्राओं के द्वारा फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रा डायना प्रियंका टोप्पो, डेजी स्वर्ण लता टोप्पो, मेघा कुमारी और आकांक्षा कुमारी के द्वारा सर्वोत्तम नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्र सौरभ कुमार को पुशिंग चैलेंज में सर्वश्रेष्ठ विजेता घोषित किया गया। फैशन शो में नूपुर पॉल और सृष्टि कुमारी विजय हुई। फ्रेशर्स डे में नये छात्र - छात्राओं में सौरभ कुमार को मिस्टर फ्रेशर और मेघा कुमारी को मिस फ्रेशर घोषित किये गये। आर्य क्षेत्री और प्राची कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह आयोजन समिति के सदस्य पवन धोनी, शाहिल गुप्ता, डेजी स्वर्ण लता टोप्पो, डायना प्रियंका टोप्पो, श्रद्धा मेहता, अंजू मेहता, रिचर्ड तिर्की, आशिफ, अमृत आनंद, सृष्टि कुमारी और यास्मीन निखत थे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने अपनी शुभ कामनाओं में कहा कि आइएसएम, पुंदाग युवाओं, महिलाओं, छात्रों, छात्राओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और विकास में अपना अद्वितीय योगदान देता आया है। उन्होंने छात्रों को भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कई टिप्स बताये। मुख्य अतिथि हरिहरण पूर्व निदेशक, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, ने कहा कि प्रबंधन का क्षेत्र चुनौती पूर्ण होता है, अतः छात्र एवं छात्राओं को समाधान निकलने वाली प्रबंधकीय क्षमता व कौशल विकसित करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आरएके वर्मा ने सबों को बधाई दी और सफल व्यक्तित्व को निखारने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रभारी डॉ सुशील कुमार, परीक्षा नियंत्रक रुद्र नारायण भांजदेव, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र और प्राध्यापक अनिमेष सरकार, डॉ. अंजलि श्रीवास्तव, रुचि मिश्र, रवि रंजन कुमार, बीजू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।



सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी
G20
सूचना
सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची में अवैध शराब फैक्टरी का खुलासा, एक लाख की शराब बरामद

रांची (आजाद सिपाही)।पुलिस और उत्पाद विभाग ने रविवार को संयुक्त रूप से नामकुम थाना क्षेत्र के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब फैक्टरी का खुलासा किया है। छापेमारी के दौरान 34 पेटी विदेशी शराब, विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के कॉर्क, लेबल, ढक्कन, कार और स्कूटी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है। छापेमारी टीम में उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर सुधीर शर्मा सहित सशस्त्र बल शामिल थे। बरामद शराब की कीमत एक लाख रुपये बतायी गयी है। उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सांसद संजय सेठ ने की चाय पर चर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत लोगों का जुटान हुआ। इस दौरान सांसद ने लोगों की समस्याओं को सुना। कई समस्याओं का सांसद ने मौके पर ही समाधान किया। इस बीच ओटीसी मैदान में मॉर्निंग वॉकर ग्रुप, फुटबॉल टीम, वॉलीबॉल टीम, ओटीसी फ्रेंड्स क्लब के अलावा आसपास के मुहल्लों के सैकड़ों लोगों ने सांसद संजय सेठ के समक्ष अपनी बातें रखीं। विद्यार्थियों ने नियोजन नीति, लाइब्रेरी की मांग, रेलवे भर्ती परीक्षा से जुड़े विषयों पर सांसद का ध्यान आकृष्ट कराया। स्थानीय लोगों ने पेयजल संकट, नाली की समस्या, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, पीसीसी सड़क की मांग की। ओटीसी फ्रेंड्स क्लब ने ओटीसी मैदान के चारों तरफ वृक्ष लगाने और ओपन जिम बनाने के अलावा शौचालय की व्यवस्था करने का आग्रह किया। कई लोगों ने बिजली की समस्या और बिजली कनेक्शन समय पर उपलब्ध कराने की मांग की। संजय सेठ ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान किया। सांसद ने केंद्र और राज्य सरकार की ओर से उनकी अनुशंसा पर शुरू की गयी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही राजधानी रांची को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए तथा कई मुहल्लों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया। कई बुद्धिजीवी पर्यावरण से जुड़े विषयों को रखा और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भीम प्रभाकर और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा पंडरा मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडेय ने किया।

### पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खुली, 2 लाख 78850 रुपये मिले

रांची (आजाद सिपाही)। ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर का दान पात्र रविवार को खोला गया। जिसमें आम भक्तों के सहयोग से पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार की देखरेख में मंदिर में मिली दान की राशि की गिनती की गयी। दान की राशि के रूप में कुल 2 लाख 78850 रुपये प्राप्त हुए हैं। पहाड़ी मंदिर की दान पात्र की राशि की समय-समय पर गिनती की जाती है। रविवार को दान पत्रों को खोला गया और दान की राशि की गिनती की गयी। इसको लेकर कोषाध्यक्ष उत्तम ने बताया कि दान के रूप में भारतीय मुद्रा के साथ-साथ बिछिया, बेलपत्र, कड़ा आदि दान पात्र में मिलीं। दान पात्र से निकली दान की राशि की गिनती कार्य में मजिस्ट्रेट पवन कुमार, पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य उत्तम कुमार, मदन लाल, पंकज कुमार चौधरी अन्य उपस्थित थे।

### गोलीबारी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। गोलीबारी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चुटिया पुलिस ने शनिवार की देर रात एक बजे स्टेशन रोड स्थित एक होटल से बिहार के एक आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस को बिहार के बेगूसराय पुलिस के द्वारा सूचना मिली थी कि एक आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी स्टेशन रोड में एक होटल में रुका है। सूचना मिलने के बाद चुटिया पुलिस ने रात करीब एक बजे होटल में छापेमारी कर आरोपी धर्म सिंह पिता- स्व. कैलू सिंह, बरौनी चकिया बेगूसराय को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी की सूचना पर बेगूसराय पुलिस भी रांची आयी और आरोपी से पूछताछ के बाद उसे लेकर बेगुसराय चली गयी। आरोपी धर्म सिंह पर बेगूसराय जिले के निमाचनपुरा थाना में 2021 में आर्म्स एक्ट और गोलीबारी करने का मामला दर्ज हुआ था। उसी समय से वह फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी रांची में छिपा है। उसके बाद बेगूसराय पुलिस ने रांची पुलिस से संपर्क किया। देर रात आरोपी को होटल पैराडाइज से गिरफ्तार कर लिया गया।

### अशोक नगर में ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस ने लगाया शरद मेला

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के अशोक नगर रोड नंबर-2 में ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस के द्वारा एक दिवसीय शरद मेला का आयोजन किया गया। आइएएस माधव शरद द्वारा मेले का आयोजन किया गया। बता दें कि मेला में 46 स्टॉल लगाये गये हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, हाउजी, मनोरंजक खेल-कूद, कपड़े, ज्वेलरी इत्यादि के स्टॉल लगाये गये हैं। रांची के कई सुप्रसिद्ध दुकानदार ने अपना स्टॉल यहां लगाया है। यहां लकी ड्रा भी किया जायेगा, विजेता को पुरस्कार भी दिया जायेगा।

**अशोक नगर की महिलाएं मेले में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती हैं:** ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस (अखिल भारतीय महिला सम्मेलन) की सेक्रेट्री ज्योत्सना कुमार ने बताया कि हर साल फरवरी के महीने में अशोक नगर की महिलाएं मिलकर मेले का आयोजन करती हैं और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं। दो साल से कोरोना के कारण मेला का आयोजन नहीं हो पा रहा था। अभी बच्चों की छुट्टी है, इसलिए दिसंबर के महीने में मेले का आयोजन किया गया है. उन्होंने बताया कि मेले में 46 स्टॉल लगाये गये हैं. सभी स्टॉल पर एक से बढ़कर एक सामान उपलब्ध हैं। जिनकी कीमत 500 से 700 के बीच है। मेले से जो भी पैसे आते हैं, वो गरीब महिलाओं, बच्चे आदि पर खर्च किये जाते हैं। उन्होंने बताया ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस एक संस्था है, जो महिलाओं और बच्चों की मदद करती है।

# अल्पसंख्यकों में भरोसा बढ़ाया

अल्पसंख्यक समुदाय यानी आबादी का वह हिस्सा जो संख्या में अल्प (कम) है। खुद संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के मुताबिक, वे लोग जिनका सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व तुलनात्मक रूप से कम है, अल्पसंख्यक कहलाते हैं और हरेक देश से उनके उत्थान और बराबरी के प्रयास की अपेक्षा की गयी है। हालांकि कानूनी रूप से भारतीय संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा तो नहीं है, पर अनुच्छेद 29 और 30 में उनके हितों की रक्षा के लिए प्रावधान समाहित हैं। इसके तहत भारत जैसे विशाल और विविध राष्ट्र में भी दशकों पहले मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, जैन और बौद्ध जैसे छह अल्पसंख्यकों के उत्थान की कवायद शुरू हो गयी थी, लेकिन दुर्भाग्यवश दलगत राजनीति ने उन्हें बहुसंख्यकों के बराबर मुख्यधारा में लाने के बजाय वोट बैंक बना डाला और चुनाव दर चुनाव अल्पसंख्यकतुष्टीकरण का जरिया बनकर रह गये। उनके लिए अलग से नीतियां बनीं जरूर, लेकिन कभी पूरी तरह लागू नहीं हो पायीं तो कभी लाभार्थियों तक उनका लाभ ही नहीं पहुंचा। नतीजतन, खुद अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुस्लिमों के बीच एक बड़ी वंचित आबादी खड़ी हो गयी, जो दशकों की कवायद के बावजूद मुख्यधारा में नहीं आ पायी, लेकिन बीते आठ वर्षों में भारत वर्ष में अल्पसंख्यकों के लिए सरकारी नजरिए और नीतियों में एक व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है, जिसके तहत अब उनके तुष्टीकरण के बजाय उन्हें संतुष्ट करने पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भेदभाव रहित विकास, सभी वर्गों के साथ तरक्की में बराबर का हिस्सेदार बनाकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प ने अल्पसंख्यकों में भरोसा बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कहा है कि किसी सरकार के लिए एक ही पवित्र किताब होती है-संविधान और उसका कत्र्तव्य है कि सभी सवा सौ करोड़ लोगों का कल्याण करने की एक ही संहिता होनी चाहिए, सबका साथ, सबका विकास। इसे आधार बनाते हुए उन्होंने सरकार में आने के बाद सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की अवधारणा पर तेजी से कदम बढ़ाये हैं। न्यू इंडिया बनाने के लिए मोदी जिस विजन और इन्फ्लूजन की बात करते हैं उसमें जाहिर तौर पर देश के अल्पसंख्यकों का शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक-राजनीतिक, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक विकास शामिल है। राष्ट्रवाद की उनकी अवधारणा में सभी वर्गों में समता और समरसता आधारभूत शिला की तरह समाहित हैं। यही वजह है कि मोदी का मानना रहा है कि देश में कोई भी नागरिक धर्म जाति या पंथ के आधार पर ऊपर-नीचे या आगे-पीछे नहीं है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कहा है कि किसी सरकार के लिए एक ही पवित्र किताब होती है-संविधान और उसका कत्र्तव्य है कि सभी सवा सौ करोड़ लोगों का कल्याण करने की एक ही संहिता होनी चाहिए, सबका साथ, सबका विकास।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मोदी सरकार जब सत्ता में आयी उस समय प्रति व्यक्ति सालाना आय मात्र 79,000 रुपये थी, जो अब बढ़ कर 1.50 लाख रुपये हो चुकी है। महामारी और वर्तमान में रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की विकास यात्रा जारी रही। विभिन्न क्षेत्रों में विकास की तेज रफ्तार के कारण ही भारत 200 वर्षों तक हम पर राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए आज दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है।**

# मोदी सरकार ने तेज की अर्थव्यवस्था की रफ्तार

**तरुण चुघ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया के मानचित्र पर आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध देश के रूप में स्थापित हो गया है। दशकों पूर्व हमारे देश की गिनती दुनिया के गरीब देशों में होती थी। हम खाद्यान्न से लेकर सभी जरूरत की वस्तुओं के लिए आयात पर निर्भर रहते थे। लेकिन, प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि, नेक इरादा और नेतृत्व की कुशलता ने आज हमारी स्थिति को बदल दिया है। आज भारत दुनिया को निर्यात करने वाला देश बन गया है वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, उस समय भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2.04 लाख करोड़ डॉलर का था जो वर्ष 2019 तक 2.87 लाख करोड़ डॉलर हो गया। कोरोना महामारी के कारण पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था चरमरा गई, लेकिन नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण भारत में मामूली असर पड़ा। चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की जीडीपी 3 लाख करोड़ डॉलर को पार कर सकती है। इसी तरह प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी भारत काफी पीछे था, लेकिन इस स्तर पर भी पिछले 8 साल में यह तेजी से बढ़ा है।

**चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की जीडीपी 3 लाख करोड़ डॉलर को पार कर सकती है।**

मोदी सरकार जब सत्ता में आयी उस समय प्रति व्यक्ति सालाना आय मात्र 79,000 रुपये थी, जो अब बढ़ कर 1.50 लाख रुपये हो चुकी है। महामारी और वर्तमान में रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की विकास यात्रा जारी रही। विभिन्न क्षेत्रों में विकास की तेज रफ्तार के कारण ही भारत 200 वर्षों तक हम पर राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए आज दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था की यह रफ्तार जारी रही तो 2029 तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 साल के कार्यकाल में आर्थिक विकास की बदौलत भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। इसके कारण देश आज आत्मनिर्भर हो चला है। इसमें जीएसटी लागू करने से हमारी कर व्यवस्था में सुधार हुआ, जिससे सरकारी राजस्व में वृद्धि के साथ ही व्यापारी और आम लोगों को भी सहूलियत हुई। सभी गांवों का विद्युतीकरण किया गया, जिसके बाद लघु एवं कुटीर उद्योगों में वृद्धि हुई। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, पीएलआइ स्कीम, दीवालिया कानून, ईज आफ डूइंग बिजनेस, डिजिटलीकरण जैसे सुधार कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल हैं। जनधन योजना के कारण आज देश की अर्थव्यवस्था से पूरा देश जुड़ गया है।

2014 तक मात्र पौने 3 करोड़ बैंक खाते थे, लेकिन वित्तीय समावेश के लिए प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरुआत की गयी और इस योजना के तहत 45.41 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं और इनमें 1,67,145.80 करोड़ रुपये जमा हैं। मेक इन इंडिया और पीएलआइ स्कीम के कारण वस्तुओं के निर्यात में 100 अरब डॉलर से अधिक की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2013-14 में 312 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था और जो वर्ष 2021-22 में आरबीआइ के आंकड़ों के अनुसार 421 अरब डॉलर का रहा। डिजिटलाइजेशन में आज दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में हो रहा है। मोबाइल का चिप कभी हम दूसरे देशों से आयात करते थे, आज हम इसके उत्पादन में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं।



**2014 तक मात्र पौने 3 करोड़ बैंक खाते थे, लेकिन वित्तीय समावेश के लिए प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरुआत की गयी और इस योजना के तहत 45.41 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं और इनमें 1,67,145.80 करोड़ रुपये जमा हैं। मेक इन इंडिया और पीएलआइ स्कीम के कारण वस्तुओं के निर्यात में 100 अरब डॉलर से अधिक की बढ़ोतरी हुई।**

कई दशक तक भारत खाद्यान्न के मामले में आयात पर निर्भर था, लेकिन 2022 में यह तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। आज भारत दुनिया को खाद्यान्न निर्यात कर रहा है। निर्यात के बढ़ने से देश के किसानों को कई प्रकार से फायदा हुआ। नरेंद्र मोदी के शासनकाल में भारत कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का पहला या दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण देश में जनकल्याणकारी और विकास कार्य भी जारी हैं। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था भी लगातार मजबूत होती जा रही है।

देश की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिली है, आज हमारे सैनिक सशक्त और सुरक्षित हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी भारत ने कीर्तिमान स्थापित किया है। कुल मिला कर देखें तो एक तरफ एक-एक नागरिक को बुनियादी सुविधा देते हुए देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए मोदी सरकार अपनी कुशलता का परिचय दे रही है। हम यह भी कह सकते हैं कि भारत को आर्थिक दृष्टि से स्वतंत्रता आजादी के अमृतकाल में ही मिली है। इसमें आर्थिक दृष्टि से हम स्वाबलंबी और आत्मनिर्भर बने हैं। आज हर भारतीय को देश की बुलंद अर्थव्यवस्था पर गर्व है।

**(लेखक : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं।)**

# तो पीपीपी ने बिलावल छेड़ ही दिया



**हेम श्रीवास्तव**

पाकिस्तान में सत्ताधारी दल चाहे कोई भी हो, मियां नवाज शरीफ का हो या फिर धुर विरोधी पीपीपी हो, सबके मूलभूत संगीत के तार और लोकप्रियता का आधार एक ही है- भारत का विरोध और भारत को गरियाना।

बिलावल की माताश्री भी डॉटर ऑफ द ईस्ट बनने के बाद और स्वयं की तुलना राजीव गांधी से करने के बाद कि उनके पिता की हत्या हुई, भारतीयों की संवेदना बटोर लेने के बाद, जब सत्ता पर बैठी, तब उन्हें याद आ गया कि यदि पाकिस्तान की जनता पर प्रभुत्व चाहिए और जन समर्थन चाहिए, तो भारत को गरियाना ही पड़ेगा, तो इसी के मद्देनजर सारा खेल उलट दिया और भारत से हजार हजार वर्षों तक जंग करने की बात छेड़ दी।

हाल हाल में उनके पुत्र भी भारत के प्रति विरोध का सुर नहीं निकाल रहे थे, परंतु अब जबकि आतंक के विरुद्ध विदेश मंत्री जयशंकर ने सांप के बिल में हाथ क्या डाला और ओसामा बिन लादेन का नाम क्या ले लिया, बिलावल को वही पुरानी तस्वीर याद आ गयी जो कि पाकिस्तान में जनमत समर्थन के लिए जरूरी थी।

भारत का विरोध न करें तो पाकिस्तान में पूछेगा कौन। तो उन्होंने कह दिया लादेन को मारा गया, परंतु गुजरात का कसाई अभी जिंदा है। ऐसा कह करके उन्होंने बड़े जोरों से अंतरराष्ट्रीय ध्रुवीकरण की शुरुआत कर दी है। शायद इस्लामी देशों के गुट के समर्थन के आशाएं और बढ़ गयी हैं। क्योंकि भारत पर हिंदुत्व के नाम पर हमला करने से अच्छा कौन सा हथियार हो सकता था।

लेकिन उन्हें शायद नहीं पता है कि हर सिक्के के 2 पहलू होते हैं और हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। ऐसा कह करके उन्होंने नरेंद्र मोदी के कद को और ऊंचाई प्रदान कर दी है और संसार का सबसे बड़ा आतंक विरोधी चेहरा भी अनजाने में बता डाला है। इतना ही नहीं, भारत की जनता की संवेदनाएं नरेंद्र मोदी के प्रति और जोर से उमड़ पड़ी हैं। फूंक-फूंक कर कदम रखने वाले जयशंकर ने इस कदम के पहले नहीं सोचा होगा ऐसा नहीं था। उन्होंने निश्चय ही यह सोच रखा था, तभी तो हिलेरी क्लिंटन के उस बयान की चर्चा कर डाली जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के संदर्भ में यदि सांपों को पालोगे तो यह सांप तुम्हें भी काटेंगे जरूर।

जो भी हो आतंक के विरुद्ध आमने सामने की लड़ाई का परिदृश्य बन रहा है और बिलावल के इस कथन में नरेंद्र मोदी के आतंक विरोधी चेहरे को और बड़ा कर दिया है।

कुछ ही महीने पहले जयशंकर ने यह वाक्य कहा था, कि यूरोप अपनी समस्याओं को विश्व की समस्याएं समझता है। वह इससे बाहर जाये। उनकी बातों में छुपा हुआ दम उनके वाक्य में दिखायी पड़ता है और हिलेरी क्लिंटन के बारे में जो सुविचारित वाक्य उन्होंने कहा था, उसका मर्म यही था कि अब भारत किसी बहुत बड़ी मुहिम का हिस्सा होने जा रहा है और आतंक से तड़पता हुआ विश्व भारत की केंद्र सरकार के प्रति आशा भरी दृष्टि से देखेगा अवश्य।

## जमशेदपुर की खबरें

# भोजपुरी विकास परिषद ने भिखारी ठाकुर की जयंती मनायी

**■ भोजपुरी संस्कार के बचावे खातिर भोजपुरिया युवा पीढ़ी आगे आवे : विद्रोही**

**■ भोजपुरी सम्मान के खातिर सभे के एकजुट होखे के परी : कमल किशोर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** विश्व भोजपुरी विकास परिषद के तत्वाधान में गोलमुरी जोगर्स पार्क जमशेदपुर में स्वर्गीय भिखारी ठाकुर के जयंती मनाई गई। रविवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीनिवास तिवारी ने भोजपुरी भाषा के समृद्धि और विकास करने का संकल्प लिया। साथ ही कार्य करने और एकजुट करने के प्रयास हेतु सभी का सहयोग करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की बात कही। मौके पर मुख्य अतिथि अरविंद विद्रोही ने कहा इस उम्र के पड़ाव में आपन संस्कार बचाने के लिए आप सभी युवाओं एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने कहा एकजुटता से ही समाज का विकास संभव है। समाजिक रूप से भोजपुरी जितनी मजबूत है उतने ही हम कमजोर है। मजबूती करने के लिए सभी के माध्यम से एक लंबी लड़ाई लड़नी होगी। तभी जाकर भोजपुरिया संस्कार बचेगा। उन्होंने कहा भोजपुरी के सभी पुरौधा के जीवन को इतिहास में प्रकाशित करने की आवश्यकता है। जो सदैव ही समाज को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा श्रद्धांजलि के माध्यम से हम अहवान करते है युवा आगे आए और समाज को एकत्रित करे। हम आपके साथ सदैव खड़े है।

मौके पर पुलिस उपाधीक्षक कमल किशोर ने कहा भिखारी ठाकुर जैसे सम्मानित भोजपुरिया पुरौधाओ के विचारो उनके संस्कारो और जीवनी को आत्मसात करने की आवश्यकता है। भिखारी ठाकुर जैसे महान विभूति अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जननायक है। भोजपुरी मिट्टी में जन्म लिए लोग स्वतः ही बुलंदी पर पहुंचने का कार्य किए है। पूरे भारत में लोक नायक और जन नायक की ख्याति सिर्फ भोजपुरिया को ही मिला है। भोजपुरिया दहाड़ में इतनी शक्ति है की आने वाले समय में अपने सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए युवा वर्ग आगे आए। सभी बुजुर्ग आप सभी के पीछे खड़े रहने का संकल्प लेकर आगे बढ़ते है। ताकि समाज में सम्मान पावे खातिर हम सभी एकजुट हो सके। मौके पर डीएसपी कमल किशोर ने अप्पू तिवारी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। भोजपुरी के लिए निरंतर कार्य करने की सलाह दी। मौके पर श्रीराम पांडेय भार्गव, दशरथ चौबे, डीके मिश्रा, कमलेश सिंह, सीपी सिंह, धनुर्धर तिवारी, शिव प्रकाश शर्मा, डाक्टर अजय चौबे, अरुण पांडेय, चिंटू सिंह, सोनू ठाकुर मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुना चौबे, मिथिलेश श्रीवास्तव, सुनील सहाय, अरविंद पांडेय, ललित पांडेय, अंकित आनंद, उमेश प्रसाद, उपेंद्र सिंह, बिनोद पांडेय, कृष्णगोपाल पांडेय, संजय स्नेही, जनार्दन पांडेय, धर्मवीर पांडेय, भगवान मिश्रा, सीताराम पाठक, पावन ओझा, राहुल प्रसाद, प्रभात शंकर तिवारी, ब्रजेश चौबे आनंदी ओझा,कन्हैया ओझा ने अहम भूमिका निभायी।

# पोटका में पति-पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका थाना क्षेत्र के तेतला टोला खापरसाई में बीते रात्रि साढ़े सात बजे पति पत्नी कर्मवीर सरदार (24 ) तथा अंगूरी सरदार (21) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। मृतक को एक वर्ष की एक बच्ची है। रात्रि में बच्ची जब देर तक रोने लगी तब मृतक के बड़ा भाई दरवाजा खोलकर देखने गया। पता चला कि पति - पत्नी घर के छप्पर में ही फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया है। स्थानीय पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द मुंडा घटना स्थल पर पहुंचे तथा जानकारी प्राप्त किया। देर रात होने के कारण चौकीदार के देखरेख में शव को वही छोर दिया गया। आज सुबह पुलिस पहुंचकर पुलिसिया खानापूर्ति करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जमशेदपुर भेज दिया गया। पूछताछ में मृतक के भाई ने बताया की शादी के बाद से ही दोनो को अक्सर आपस में तू-तू, मैं : मैं होता रहता था। इसके बाद एक ही साथ फांसी लगाना संदेहास्पद लगता है।

आर्चरी के तीरंदाजी प्रतियोगिता में मानपुर मध्यविद्यालय के तीन बच्चो को मेडल दिए जाने पर मानपुर पंचायत के द्वारा तीनो बच्चो को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की मानपुर मध्य विद्यालय में 25 बच्चे आर्चरी का प्रशिक्षण ले रहे है। आई एस डब्लू पी के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में यहा से 12 बच्चे भाग लिए थे। जिसमे तीन बच्चे शुभम पात्र, नाथो बासके, आंख रजक को बढ़िया प्रदर्शन के लिए मेडल प्रदान किया गया। पंचायत के मुखिया श्रीमती ईरा देवी सिंह ने तीनो बच्चो के हौसला अफजाई करने के लिए सम्मानित किया। मौके पर उप मुखिया चुरा मनी महली, पूर्व मुखिया तरणी सेन सिंह सरदार, पूर्व वार्ड सदस्य जयराम महाली उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी ने डिमना चौक से की भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत

**मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित एआईसीसी के मेंबर डॉ अजय कुमार हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर स्थित मानगो डिमना चौक से कांग्रेस पार्टी का भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की गई। रविवार को आयोजित भारत जोड़ो यात्रा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, एआईसीसी के मेंबर डॉ अजय कुमार सहित सैकड़ो कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। डिमना चौक से पदयात्रा मानगो के गांधी मैदान पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पार्टी के युवराज भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से लगातार पैदल चल रहे हैं। अब झारखंड में भी भारत छोड़ो यात्रा की धमक देखने को मिल रही है। जमशेदपुर में इसकी शुरूआत डिमना चौक से की गई। कांग्रेसी कार्यकर्ता जगह जगह पर अपने नेताओं का ढोल नगाड़ा और आतिशबाजी कर स्वागत करते नजर आए। जमशेदपुर से कांग्रेस पार्टी ने यात्रा के माध्यम से शक्ति का प्रदर्शन किया। वही यात्रा में शामिल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर मंत्री बन्ना गुप्ता भारत जोड़ो यात्रा के कोऑर्डिनेटर सुबोध कांत सहाय एवं एआईसीसी के मेंबर डॉ अजय कुमार ने यात्रा की सफलता के संबंध में कहा यह यात्रा देश में फैली नफरत की राजनीति को खत्म कर भारत को एक सूत्र में बांधने का संदेश दे रही है।



महत्वपूर्ण न्यूज

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन पुरुष एवं महिलाओं के मैच का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रविवार को रामा साहू स्टेडियम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला स्तर पर पुरुष एवं महिलाओं का मैच खेला गया। पुरुष वर्ग के मैच में बडगड़ की टीम ने केतार को तीन गोल से हराया। वहीं दूसरे मैच में रंका ने डंडा को दो गोल से पराजित किया। जबकि चिनिया ने सगमा की टीम को तीन गोल से पराजित किया। भवनाथपुर और डंडई के मैच टाई ब्रेकर में डंडई ने भवनाथपुर को एक गोल से पराजित किया। इधर महिलाओं के मैच में रमकंडा ने रंका को एक गोल से पराजित किया। जबकि भंडरिया ने डंडई को तीन गोल से पराजित किया। मौके पर जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत , जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा , वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी और डॉक्टर गौरव तिवारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आज का ग्रुप बी का मैच का विधिवत उद्घाटन किया। मैच में निर्णायक की भूमिका गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के रेफरी जगन्नाथ राम , शमशाद अहमद उपेन्द्र राम, जेम्स बड़ा, विजय सिंह, लक्ष्मण राम ,सतेंद्र प्रसाद यादव ,अभय कांत ,नीलकंठ सिंह धर्मेंद्र कुमार पाल रौशन दीप टोप्पो मनीफ किस्पोट कॉमेंटेटर इंद्रदेव कुमार ऑफिशियल के रूप में सिकंदर कुमार सुनील को कुमार रामाशंकर सिंह ललन कुमार अरविंद कुमार दुबे ललन कुमार कुश कुमार अमित कुमार सिंह विनोद यादव आदि उपस्थित थे।

## कांडी प्रखंड के सभी पंचायतों की टीम कप्तानों के बीच फुटबॉल का वितरण



**कांडी (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022-23 के तहत रविवार को कांडी प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर पंचायत के बस स्टैंड के पास प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के उपस्थित फुटबॉल टीम के कप्तान के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम प्रखंड प्रभारी विकास कुमार सिंह के द्वारा किया गया। वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सभी पंचायतों के फुटबॉल टीम के कप्तान के साथ मुखिया को भी आमंत्रित किया गया था। पर समयाभाव के कारण हर पंचायत से केवल टीम के कप्तान ही उपस्थित हो सके थे। फुटबॉल प्राप्त करने वाले पंचायतों में कांडी, हरिहरपुर, मझिगावां, डूमरसोता, पतरिहा, शिवपुर, पतीला, गाड़ा खुर्द, खरौंधा व खूटहेरिया पंचायत का नाम शामिल है। इस अवसर पर कैप्टन सुनील सिंह, रौशन कुमार, प्रिंस ठाकुर, राजेश शर्मा, सहित कई अन्य कप्तान व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा गढ़वा इकाई की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर स्थानीय शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज में गढ़वा इकाई की एक बैठक शंकर प्रताप इंटर कॉलेज के प्राचार्य राजू प्रसाद राज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से इंटर कॉलेज, उच्च विद्यालय, मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय वित्त रहित इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिक्षक एवं शिक्षक कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अहर्ता प्राप्त स्कूलों एवं कालेजों का अधिग्रहण जल्द से जल्द किये जाने, डीइओ राज्य समाप्त किये जाने, छूटे हुए सभी कालेजों को अविलंब अनुदान में डाले जाने, अनुदान की राशि सीधे शिक्षकों के खाते में डालने सहित अन्य मांगें रखीं। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के महासचिव अरविंद कुमार सिंह, शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज के प्राचार्य राजू प्रसाद राज, सिदेश्वर सिंह, उदय कांत पांडेय, वीरेंद्र कुमार तिवारी, अनिल कुमार तिवारी, दिनेश कुमार सिंह, देवराज मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### तेंदुआ के हमले से बच्चे की मौत के बाद दहशत में हैं भंडरिया प्रखंड के लोग

# दूसरी घटना में तेंदुए ने घर के बाहर बंधी भैंस को मौत के घाट उतारा

**वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर तेंदुए के हमले की पुष्टि की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड के गांव बघवार टोला चिनियांही में बीती रात्रि जंगली तेंदुआ ने नंदू उरांव के भैंस पर हमला कर दिया। जिससे भैंस की मौत हो गई। रविवार की सुबह वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। वन विभाग ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार नंदु उरांव रात्रि में पेड़ के नीचे भैंस बांध दिया था। रात्रि में तेंदुआ ने भैंस पर हमला कर दिया। भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। तेंदुआ भैंस के सिर के ऊपरी हिस्से को खा गया। अन्य मवेशी तेंदुआ को देख कर विदक रहे थे। मवेशियों के विदकने पर घर के लोग जाग गये। घर की महिला परमेश्वरी देवी टार्च लेकर बाहर निकली। जैसे ही टॉर्च की रोशनी तेंदुआ पर पड़ी वह भागने लगी। कुछ दूरी तक तेंदुआ पीछे मुड़-मुड़कर देखता रहा। तब तक घर के सारे लोग जा चुके थे। घटना की खबर लोगों ने वन विभाग को दी।

वन कर्मी तुषार कुमार एवं दयानंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। तेंदुआ के पैर के निशान को भी रिकॉर्ड किया। भैंस पर कौन सा जानवर हमला किया है, इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने भैंस का मुआवजा से संबंधित कागजात नंदू सिंह को दिया और कहा कि इसे भरकर आवेदन के साथ वन कार्यालय में जमा करें। इसके मुआवजे की राशि दी जाएगी। घटना के बाद नंदू उरांव का पूरा परिवार भयभीत है।

### डीएफओ ने तेंदुआ होने की पुष्टि के लिए घटनास्थल पर कैमरा लगवाया



भण्डरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बघवार गांव में बीती रात्रि तेंदुआ के हमले से भैंस की हुई मौत के मामले में गढ़वा डीएफओ शशि कुमार ने कहा कि जिस तरह खबरें मिल रही हैं, उससे साफ जाहिर हो रहा है यह तेंदुआ ही है। इसके बावजूद भी इसकी पुष्टि के लिए घटनास्थल पर कैमरा लगवाया जा रहा है। ईटीआर की एक्सपर्ट टीम द्वारा कैमरा सेट कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि मरी भैंस के मांस खाने फिर यह तेंदुआ लौट कर आ जाए। क्योंकि वह तेंदुआ भैंस को खा नहीं सका था और वहां से भाग गया था। उन्होंने कहा कि रोदो गांव में जहां बच्चे को तेंदुए ने मार डाला था, वहां जाल लगाकर रखा गया है। वहां रात्रि में आज एक और खस्सी को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है एक तेंदुआ टाइगर प्रोजेक्ट से भटक कर गांव की ओर आ गया है, वह पुनः टाइगर प्रोजेक्ट की जंगल में चला जाये। वहां उसके लिए काफी हरनि शिकार के रूप में पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में हाथी का प्रकोप बढ़ रहा है। इसके नियंत्रण के लिए जंगल में कोरिडोर योजना के तहत 225 एकड़ में बांस के पौधे लगाये जाएंगे, ताकि हाथी बांस के पौधे को खायें और गांव में चारा के तलाश में ना पहुंचे। इस मौके पर भंडारिया रेंज ऑफिसर कन्हैया राम, वनरक्षी कमलेश कुमार, तुषार कुमार, दयानंद कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## कालाबाजारी के आरोप में पूरहे गांव के पीडीएस डीलर की दुकान सील



**गुप्त सूचना के आधार पर सीओ सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने की कार्रवाई**

**घर के कमरे से 76 बोरी चावल और 13 बोरी गेहूं जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मंझिआंव।** जिला के वरीय पदाधिकारी को राशन की कालाबाजारी करने की मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच करने का निर्देश दिया।

जिसके आलोक में मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के पूरहे गांव के लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह सह डीलर के विरुद्ध खाद्यान्न कालाबाजारी करने के आरोप में अंचलाधिकारी सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, सहायक गोदाम प्रबंधक मुकेश कुमार पांडेय एवं स्थानीय थाने के पुलिस एएसआई आलोक कुमार के साथ उक्त गांव में जांच करने पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने दुकान में रखे खाद्यान्न का अवलोकन करते हुए उसके घर के सभी कमरे की जांच की गई। इस दौरान घर के एक कमरे में रखे 13 बोरी गेहूं एवं दो जगहों पर 76 बोरी चावल पाया गया। वहीं वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार कुल मिलाकर 76 बोरी चावल और 13 बोरी गेहूं को जब्त करते हुए पीडीएस दुकान को सील कर दिया गया।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी ने डीलर द्वारा अनाज की कालाबाजारी करने की शिकायत जिले के वरीय पदाधिकारी को दूरभाष पर सूचना दी थी। इस आधार पर मामले का सत्यापन करने के लिए पुरहे गांव के पीडीएस दुकान लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के खाद्यान्न की जांच की गई। जांच के क्रम में मामला सही पाये जाने पर राशन गोदाम को सील कर दिया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य सम्मेलन का किया गया आयोजन

**विभाग निरीक्षक ने विद्यालय विकास को लेकर विभिन्न विंदुओं पर प्रधानाचार्यो को दिया मार्गदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर ।** सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को पलामू विभाग स्तरीय एक दिवसीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर किया। विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल ने विद्यालय विकास को लेकर विभिन्न विंदुओं पर प्रधानाचार्यों को सारगर्भित मार्गदर्शन दिया। नीरज लाल ने सत्रारंभ, अक्षरारम्भ, प्रभावी अभिभावक संपर्क, बाल भारती, पूर्व छात्र परिषद, संस्कृति बोध परियोजना, शैक्षणिक गतिविधियों का विकास योजना पूर्वक संख्यात्मक एवं गुणात्मक वृद्धि पर विशेष जोर दिया।

सम्मेलन में भवनाथपुर के बृजेश कुमार सिंह, केतार के मनोज गुप्ता, भवनाथपुर बाजार के वीरेंद्र कुमार पाठक, गढ़वा के मनोज पांडेय, जपला के कृष्णकांत दुबे, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, बिलासपुर के जयंत कुमार, हरिहरगंज के वीजेंद्र प्रसाद, रक्सौल तेंदुआ के श्रवण कुमार वैद्य, लातेहार बाजार के अरुण चौधरी, बारियातू के जितेंद्र राम, लातेहार स्टेशन के राजबल्लभ शर्मा, मेदिनीनगर के रमेश कुमार सिंह समेत प्रमंडल के कई प्रधानाचार्य मौजूद थे। कल्याण मंत्र के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ।

## सिमडेगा में क्रिसमस शोभायात्रा 20 दिसंबर को

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** क्रिसमस शोभा यात्रा को लेकर दिलीप तिर्की की अगवाई में बैठक आहूत की गई। जिसमें कार्निवाल को सफल बनाने के लिए कई तैयारियों पर चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर को शोभा यात्रा 10:30 बजे सुबह अलबर्ट एक्का स्टेडियम से मेन रोड होते हूए वापस स्टेडियम लौटेगी। जिसमें मुख्य आकर्षण लाइव क्रिसमस कैरोल होगा। साथ ही चरनी की झांकी भी होगी। कार्यक्रम में रेवरन फादर अजीत कुमार खेस एस.जे (प्रोविंशियल रांची प्रोविन्स) होंगे। 19 दिसंबर को अंतिम तैयारी में उपस्थित होने का निर्णय लिया गया। बैठक में ईगनेस तिर्की, इस्माइल केरकेट्टा, एमानुएल कुजूर, कुलदीप मिंज, जयंत मिंज, बिलचूस बड़ा, पतरस एक्का,अ निल खेस, गाब्रीएल लकड़ा, विशाल तिर्की, जॉनसन मिंज, मुकुल बरला, विकास कंडुलना उपस्थित रहे।

## भंडरिया में जंगली हाथियों ने तीन घरों को ध्वस्त कर अनाज खाकर किया नष्ट



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया वन क्षेत्रों विभिन्न गांव में जंगली जानवरों का तांडव जारी है। वन क्षेत्र के विंदा गांव में शनिवार को रात्रि जंगली हाथी ने आतंक मचाते हुए तीन घरों को तोड़ दिया तथा घर में रखे अनाज को नष्ट कर दिया। जिनके घरों को क्षतिग्रस्त किया है उनमें भजन मांझी, जितेंद्र सिंह, शिवदत्त सिंह के नाम शामिल हैं। भुक्तभोगियों ने बताया कि बीती रात्रि दर्जनों की संख्या में जंगली हाथी गांव में आ धमके तथा इस टोले से उस टोले तक ताडंव मचाने लगे। लोगों के द्वारा पूरी रात टायर जलाने समेत हाथी भगाने के लिए दर्जनों प्रयास किए गए फिर भी इन तीनों के घर को क्षति पहुंचाकर घर में रखे धान के बोझा समेत घर में रखे अनाज को निवाला बनाया। आगे बताते चलें कि पिछले चार माह से भंडरिया वन क्षेत्र के विभिन्न गांव बिंदा, नगनाहा, जोनहीखाड़, तेवाली, भंडरिया, नौका, टेनटांड़, मरदा, आदि गांव में किसानों के द्वारा लगाए गए खेत में अनाज को रौंदकर या तो फिर खाकर नष्ट किया जा रहा है। जिसे देखने वाला कोई भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी नहीं है। वहीं पिछले एक सप्ताह से जंगली तेंदुआ भी आदमखोर बना हुआ है।

## 40 यक्ष्मा मरीजों को दिया गया फूड बास्केट

**चिकित्सकों व कर्मियों ने गोद लिये सभी टीबी मरीजों को इलाज चलने तक प्रतिमाह फूड बास्केट देने की प्रतिबद्धता जतायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में 40 यक्ष्मा मरीजों को उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा गोद लेकर फूड बास्केट दिया गया। गढ़वा के डॉक्टर जेपी ठाकुर के द्वारा 11, अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मियों के द्वारा 29 मरीजों को गोद लेकर उन्हें अपने खर्च से अतिरिक्त पोषक आहार के रूप में फूड बास्केट दिया गया तथा सभी मरीजों का इलाज चलने तक प्रतिमाह फूड बास्केट देने की प्रतिबद्धता जतायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने मरीजों को टीवी से बचाव के उपाय बताये। उन्होंने एक साथ इतने यक्ष्मा मरीजों को गोद लिये जाने की सराहना करते हुए कहा कि जिले के स्वास्थ्य कर्मी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के प्रयास से ही वर्ष 2025 तक भारत यक्ष्मा मुक्त बन सकता है।

मौके पर यक्ष्मा प्रभाग के डीपीसी डॉ पुरुषेश्वर मिश्र, नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्र. सिंह, एसटीएस सुनील कुमार, एलटी इरफान अंसारी, लिपिक राजेश कुमार सिन्हा, विपेश राज तमांग, रियाज अहमद, रवि कुमार सिन्हा, बिनित कुमार पांडेय एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे के लिए विक्की चंद्रवंशी ने किया रक्तदान




**रंका (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार एवं वार्ड सदस्य समाजसेवी अनिल कुमार मद्धेशिया के सहयोग से रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत निवासी थैलेसीमिया पीड़ित बच्चा 11 वर्षीय दीपक कुमार को एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया। बताते चलें कि समाजसेवी अमरेंद्र कुमार एवं वार्ड सदस्य समाजसेवी अनिल कुमार मद्धेशिया को खबर मिली कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है, तो इन्होंने इसकी खोजबीन शुरू कर दी। कुछ ही समय बाद रंका नवादोहरी निवासी विक्की कुमार चंद्रवंशी जिनका ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव था। समाजसेवियों के कहने पर बिक्की कुमार चंद्रवंशी ब्लड देने के लिए तैयार हो गए और गढ़वा जाकर एक यूनिट रक्तदान कर बच्चे की जान बचाकर पूण्य के भागी बने।

### कार्यक्रम : लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के तहत महिलाओं के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन

# वाद विवाद प्रतियोगिता एवं नाटक के माध्यम से महिलाओं को किया गया जागरूक

**प्रतियोगिता में शामिल उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी रंका के तत्वावधान में चलाए जा रहे 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2022 तक लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के तहत शनिवार को रंका कला पंचायत सचिवालय में महिलाओं के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता एवं दहेज प्रथा, बाल विवाह, छुआछूत, घरेलू हिंसा पर आधारित नाटक के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया।

ज्ञात हो कि जेएसएलपीएस प्रखंड इकाई रंका के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को समूह के माध्यम से जोड़कर उनके लिए स्वावलंबन के कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। बताते चलें कि लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध मोबाइल फोन के माध्यम से व्यापक पैमाने पर महिलाओं में जागरूकता देखी जा रही है और इसे अधिक विस्तार करने में रंका जेएसएलपीएस का विशेष योगदान रहा है।

आज के इस कार्यक्रम में कुर्सी रेस में प्रथम विनीता देवी, द्वितीय बैंक सखी सीमंती देवी, तृतीय आशा देवी, सुई धागा रेस में प्रथम हलिमा बीबी, घड़ा फोड़ रेस में प्रथम बैंक सखी सिमंती देवी एवं गीत संगीत में प्रथम गीता देवी, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम गीता देवी, द्वितीय ममता देवी, लक्ष्मी देवी, सक्रिय महिला के रूप में ममता देवी, लक्ष्मी देवी, बैंक सखी सीमंती देवी, बैंक सखी लक्ष्मी देवी, बैंक सखी किरण कश्यप, जेआरपी में सविता देवी, दीदी कैंटीन में सुभद्रा देवी ने स्थान प्राप्त किया। जिन्हें अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर जेएसएलपीएस की प्रखंड अध्यक्ष बिंदा देवी, सचिव आशा देवी, कोषाध्यक्ष रिंकी देवी, सामुदायिक समन्वयक राजनाथ चौधरी, सुनील कुमार पांडेय, संतोष कुमार, सुमंत कुमार, सत्येंद्र कुमार तथा नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक वर्तमान समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

## रंका बीडीओ ने किया प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निर्देश पर आयोजित प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचलाधिकारी शंभू राम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने गेंद पर किक मारकर किया। बताते चलें कि पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। जिसमें खपरो एवं मानपुर पंचायत की टीमें भाग नहीं लीं। दूधवल, सोनदाग, कटरा एवं तमगे पंचायत की टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। समय के अभाव में आयोजकों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की टीम का खेल का प्रदर्शन अगले दिन रविवार को सुबह 8:00 से प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर खेल प्रेमी उत्तम पांडेय, सत्येंद्र कुमार यादव सहित काफी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# बाइक और चेचिस की भिड़ंत में बच्चे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शहर के भगत सिंह चौक स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन साल के एक बच्चे की मौत हो गई। इसी हादसे में बाइक चालक कांडे मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार जलटंडा निवासी थापा आईंद अपने तीन वर्षीय पुत्र सुशांत आईंद के साथ कांडे मुंडा की बाइक से खूंटी से अपने गांव जलटंडा जा रहा था। घटनास्थल के समीप पीछे से तेजी रफ्तार चेचिस ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। जिससे सभी बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और पीछे से तेज रफ्तार में चल रहे चेचिस बच्चे को रौंदता हुआ गुजर गयाष इससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में बच्चे का पिता थापा आईंद बाल-बाल बच गया। उसे मामूली चोट आई है। उधर, घटना की सूचना पाकर खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे के क्षत-विक्षत शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। साथ ही हादसे के लिए जिम्मेदार चेचिस को भी जब्त कर लिया।

# नीलकंठ मुंडा ने रखी चार योजनाओं की आधारशिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने रविवार को मुरहू प्रखंड में अपने विधायक मद से बनने वाली चार योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक निधि से मुरहू स्थित छठ घाट का सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। इसके अलावा बृहस्पतिवार बाजार से पुलिया तक पीसीसी पथ निर्माण, दशकर्म घाट में शेड निर्माण और शांतिपुरी स्थित महर्षि मेंहीं आश्रम में शौचालय का निर्माण विधायक निधि से कराया जायेगा। इस अवसर पर मुरहू के लोगों ने विधायक का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जिला भाजपा के वरीय उपाध्यक्ष कैलाश महतो, मुरहू मंडल अध्यक्ष राम बिहारी लाल, खूंटी मंडल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, रूपेश जायसवाल, कलिंदर राम, मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरूण साबू, महेश चौधरी, विजय साहू, अशोक साह, राम बिहारी साहू, सुरेश साहू, देवेंद्र महतो, बाल गोविंद आदि उपस्थित थे।

## गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** ताऊ स्कूल मैदान में रविवार को मारुति मंगल धार्मिक एवं सामाजिक परिवार की ओर से बेसहारा, विधवा, वृद्ध एवं दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया गया। ठंड में कंबल पाकर लाभुक काफी खुश नजर आए। इस अवसर पर विक्रम महतो, मुकुंद महतो, धनंजय प्रमाणिक, जनक महतो, निरंजन गोप, भोला, आलोक दास, सुनीता बड़ाईक, संजय बढ़ई और राजकुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाने का निर्णय

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सलगाडीह कालेज मैदान परिसर में रविवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा समाज विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें तीन जनवरी को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा की जयंती मनाने, सलगाडीह बाजार टांड़ एनएच 33 किनारे भगवान बिरसा मुण्डा की भव्य मूर्ति स्थापित करने के साथ ही फरवरी 2023 में सामाजिक वन भोज आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह मुंडा, पूर्ण चंद मुंडा, रंजित मुंडा, रक्षितेष मुंडा, शिशुपाल पातर, करम सिंह मुंडा, रामधन मुंडा, प्रकाश सिंह मुंडा, अविनाश मुंडा, कन्हाई पातर और सुकरा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## समरीलाल के सौजन्य से विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर ने बांटा कंबल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** विधायक समरीलाल के सौजन्य से खलारी पंचायत के बलथरवा गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। मालूम हो कि विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, भाजपा मंडल कमेटी के साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जरूतरमंदों के बीच कंबल बांट रहे हैं। कंबल वितरण में श्यामसुंदर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, जगदीश पहान, अनिल तूरी, छोटू मुंडा आदि उपस्थित थे।

## पेयजल की व्यवस्था करने पर ग्रामीणों ने दी विधायक नीलकंठ मुंडा को बधाई

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुदलुम पहान टोली में ग्रामीणों की मांग पर खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा द्वारा ड्रीप बोरिंग से पेयजल व्यवस्था पूर्ण कराने पर कुदलुम गांव के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। बतातें चलें कि कुद्लूम पहान टोली के करीब 70 परिवार वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे। ग्रामीणों की समस्या से अवगत होकर नीलकंठ सिंह मुंडा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुदलुम पहान टोली डीप बोरिंग कराकर शोलर पंप लगाया गया। इसके माध्यम से लगभग सभी परिवारों को पेयजल आपूर्ति की सेवा उपलब्ध करायी गयी।

### आरोपित का उग्र रूप देख पीड़ित को छुड़ाने आये लोग भी लौटे

# बाजार जाने से रोकने पर पत्नी ने की पति की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बाजार जाने से मना करने से आक्रोशित महिला द्वारा अपने पति की ईंट से हमला कर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना तोरपा थाना क्षेत्र के सोनपुर गढ़ की है। मृतक की पहाचन अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोनपुरगढ़ निवासी अर्जुन की पत्नी कलावती देवी शनिवार को तपकारा बाजार जाने की तैयारी कर रही थी। पर पति अर्जुन ने उसे बाजार जाने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद अर्जुन सिंह नहाने के लिए घर के पास लगे चापानल के पास चला गया। पर पत्नी वहां भी पहुंच गई और पति से झगड़ने लगी। बात बढ़ी तो अति क्रोधित पत्नी ने पति अर्जुन पर ईंट से प्रहार कर दिया। जिससे अर्जुन घायल होकर जमीन पर गिर गया। उसके बाद भी कलावती नहीं रूकी और अर्जुन के सिर और पैर पर ईंट से वार करती रही। यह देख आस पास मौजूद लोग जब उसे छुड़ाने गये, तो कलावती ने सबको यह कहकर भगा दिया कि यह उनका घरेलु मामला है। बाद में कलावती ने अपने घायल पति को घर ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया। रविवार को गांव वालों को पता चला कि अर्जुन सिंह की मौत हो गई है। मृतक अर्जुन के चाचा कालेश्वर सिंह के बयान पर कलावती देवी के खिलाफ तोरपा थाने में नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




तोरपा थाने की फाइल फोटो।

## फरवरी में होगा खलारी अमृतनगर शिवमंदिर में लघु रूद्र महायज्ञ

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के बुकबुका अमृतनगर स्थित अमृतसरनाथ शिव मंदिर में श्रीश्री 1008 लघु रूद्र महायज्ञ करने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में बैठक की गई। जिसमें पांच दिनों के यज्ञ पूजन के लिए एक कमेटी बनाई गई। जिसमें अध्यक्ष सोनूकुमार गुप्ता, सचिव रिकेशकुमार केसरी व कोषाध्यक्ष लक्ष्मण केसरी को बनाया गया। यज्ञ की तिथियां तय कर ली गई हैं। 15 फरवरी 2023 को कलश यात्रा व वेदी निर्माण, 16 फरवरी को अरणी मंथन व मंडप पूजन, 17 को मंडप पूजन व हवन, 18 को दिन में रूद्राभिषेक, शिव बरात व रात्रि में शिव विवाह तथा 19 फरवरी को पूर्णाहूति व भंडारा होगा। यज्ञ का अनुष्ठान आचार्य संतोष झा, ब्रह्मश्याम ठाकुर व अन्य पंडितों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। गौरतलब हो कि वर्ष 2018 में अमृतनगर के इस शिवमंदिर का निर्माण हुआ था।

## जब्बार अंसारी अध्यक्ष व प्रदीप लोहरा बने सचिव

**झामुमो खलारी पंचायत कमेटी का गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को हुटापमोड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान और संचालन प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान ने किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए झारखंड सरकार के सभी जन लाभकारी योजनाओं से जन-जन को अवगत कराने और ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलवाने की अपील की। साथ ही बताया गया कि मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के तहत रैयत किसान एवं बटेदार किसान जिनके पास कोई भूमि नहीं है दूसरे की भूमि में खेती करते हैं उनका भी रजिस्ट्रेशन हो रहा है। जिसे ज्यादा से ज्यादा सुखा प्रभावित किसानों का रजिस्ट्रेशन करा कर लाभ दिलवाने का प्रयास करें। बैठक में हुटाप मोड़ के कार्यकर्ताओं ने खलारी प्रखंड अध्यक्ष के समक्ष अपने गांव की समस्याओं को रखा। जिसमें पेयजल, सड़क सहित ग्राम सभा में दर्ज योजनाओं के लंबित रहने की जानकारी दी गयी। इन सभी प्रमुख समस्याओं पर अध्यक्ष ने खलारी बीडीओ से मिलकर समाधान कराने का आस्वास दिया। वहीं, बैठक में झामुमो खलारी पंचायत कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जब्बार अंसारी, उपाध्यक्ष अनामा देवी, इस्लाम अंसारी, अंजू देवी, सविता देवी, सचिव प्रदीप लोहरा, संयुक्त सचिव इदरीस अंसारी, कोषाध्यक्ष साबिर अंसारी, संगठन सचिव हकीम अंसारी, अनीषा खातून को बनाया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को पार्टी के नीति और सिद्धांतों पर चलकर लोगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा करने का मंत्र दिया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष कलाम रिजवी, राजेश प्रसाद, संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, राजकुमार भोगता, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, हुटाप पंचायत अध्यक्ष गौतम यादव, सचिव रोहित यादव एवं सक्रिय कार्यकर्ता शंभू दास और शैलेश सिंह आदि उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित झामुमो पदाधिकारी एवं नयी खलारी पंचायत कमेटी के सदस्य।

## रांची से मैकलुस्कीगंज पहुंचा साइकिल दोस्त, हुआ स्वागत



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रांची से साईकल दोस्त के सदस्य रविवार को मैकलुस्कीगंज पहुंचे। 13 लोग साईकल से रांची से साईकल चलाते हुए मैकलुस्कीगंज आये हैं। मैकलुस्कीगंज पहुंचने के बाद जागृति विहार पहुंचे जहां लपरा मुखिया पुतुल देवी एवं शिक्षक एव सामाजिक कार्यकर्ता सुशील तिवारी आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया। साईकल दोस्त का नेतृत्व कर रहे हेमंत झा ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्वास्थ्य व पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए यह साईकल से रांची से मैकलुस्कीगंज पहुंचा है। साईकल दोस्त में राजीव टाक, हेमन्त झा, संचित प्रसाद, अरविंद कुमार, अशोक अग्रवाल, वंदना खेमका, विनय विभाकर, श्रवण गोयल, कुणाल गोस्वामी, रमण साबू, उदय सिंह व संजीव कुमार शामिल हैं। सभी रांची से सुबह 6 बजे निकले और 11 बजे मैकलुस्कीगंज पहुंचे।

## डकरा में एक दिवसीय आदिवासी संवैधानिक प्रशिक्षण का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में रविवार को वीर बुधु भगत बिरसा मुंडा आदिवासी समिति करणपुरा के तत्वधान में एक दिवसीय आदिवासी संवैधानिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बहुरा मुंडा एवं संचालन महेंद्र उरांव ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रशिक्षक एवं ग्रामीणों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया। प्रशिक्षकों में डॉ नरवन कासव, टेकाम विजय कुजुर, देव लाल चेरवा, विनोद तिग्गा, किशोर मिंज, राजेश मरकाम, नितिन निशान कुजुर और एम किंडो ने मुख्य रूप से संविधान में अंकित आदिवासियों के अनुसूची एवं अनुच्छेदों को पेशा कानून, सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट, एट्रोसिटी एक्ट एवं आदिवासियों के विकास के लिए आर्थिक रूप से मजबूती के लिए जानकारी दी। इस मौके पर झुब्बा उरांव, रामपाल मुंडा, जय उरांव, विजय उरांव, प्रदीप उरांव, संतोष उरांव, संतोष मुंडा, सुरेश उरांव, जगदीश उरांव, अजय तिर्की, रामकुमार उरांव, सहदेव, जलेष्वर उरांव, पंकज मुंडा, किशन मुंडा, शत्रुघन मुंडा, योगेश्वर मुंडा, संजय उरांव, सोहन भगत, राजेश उरांव, ददुआ उरांव, शिबू उरांव, मनोज उरांव आदि शामिल थे।

### उपकारा खूंटी में जेल अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन

# समय का सदुपोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदी: डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी की ओर से रविवार को उप कारा में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपने सबोधन में डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि जेल अदालत के अलावे जेल में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन बंदियों के हित में किया जाता है। कैदियों का विचरन तेजी से हो रहा है। कैदी अपने-अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। डालसा सचिव ने कहा कि सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे मामले के बारे में जानकारी रखने का अधिकार है। उनको निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है। बशर्ते हक लेने के लिए वे आगे आएं। उन्होंने बंदियों से कहा कि आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने-पढ़ने की आदत डालें। इसममें जिला विधिक सेवा प्राधिकार आपकी मदद करेगा। कार्यक्रम में डालसा सहायक अवनीश भारद्वाज, पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, डालसा के पीएलवी, उप कारा के कर्मचारी और जेल के पीएलवी उपस्थित थे।




बंदियों को कानून व उनके अधिकार की जानकारी देते डालसा सचिव व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गुरु घासीदास की जयंती को लेकर जैतखाम में किया गया ध्वजारोहण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ी एकता मंच एनके डकरा के बैनर चले आयोजित होने वाले गुरु घासीदास जयंती समारोह की शुरूआत रविवार को सतनाम भवन मोहननगर स्थित जैतखाम में ध्वजारोहण के साथ धूमधाम से हुई। जैतखाम में ध्वजारोहण पूजा अर्चना पंडित कौशल प्रसाद मनहर ने किया। इसके बाद अमित कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शाम छह बजे जैतखाम स्थल पर दीप प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संत शिरोमणि गुरु घासीदास के एक समान, सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा सतनाम मानव का संदेश बताया गया। उक्त कार्यक्रम में एनके, पिपरवार और बचरा से सैंकड़ों छत्तीसगढ़ी समाज के लोग शामिल होकर बाबा संत शिरोमणि गुरु घासीदास का आशीर्वाद लिया। इस दौरान लोगों के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कौशल प्रसाद, लोकेश्वर प्रसाद, राजू बंजारे राजकुमार, अमरलाल सतनामी, उत्तरा कुमार, बिनोद कुमार, जगजीवन प्रसाद, मनोज खांडेकर, बसंत लाल, साहेबलाल सतनामी, रामचरन सतनामी, रामरतन, संतोष यादव, ठाकुर राम, महाबीर सतनागी, सुलेन्द्र संतनामी, शंकर सतनामी, जगजीवन सतनामी, जगदीश सतनामी, कांशीराम सतनामी, मनोज चैहान, दुलार राम, अमरीका देवी, मीना देवी, कांति देवी, संख्या कुमारी, गायत्री देवी, ज्योति देवी, लक्ष्मी देवी, नीशु देवी, भगवती देवी, तारा देवी, ईश्वरी देवी, शुभा देवी, गंगोत्री देवी, बबिता देवी, शहोदरा देवी, रजनी देवी, अहिल्या देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी, लीला देवी, मीना देवी, हेमलता, कमला देवी आदि उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया, संयोजिका अध्यक्ष की बैठक संपन्न



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया, संयोजिका, अध्यक्ष संघ की बैठक शनिवार को मध्य विद्यालय प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता अनीता होरो ने की। जिला अध्यक्ष रजनी लुगुन ने बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो एवं गिरिडीह के विधायक सुदीप कुमार सुनू की अगुवाई में 14 दिसंबर को हुई सकारात्मक वार्ता से सभी संयोजिका, रसोईया और अध्यक्षों को अवगत कराया। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष अनीता देवी केसरी भी उपस्थित थी। इस दौरान सीआरसी प्रभारी नियुक्त किया गया। कर्रा सीआरसी से गीता सती ग्रंथ और बसंती देवी, जबकि हरुहापा सीआरसी से मंजू रानी बांडो एवं अनिता हेरेंज, बिरदा सीआरसी से सुकरो उराईन और बसंती देवी, सरदुल्ला सीआरसी से सुनीता देवी, चिउर सीआरसी से मोनिका बखला और अल्मा हेमरोम, लोधमा सीआरसी से कुसुम देवी और जमुना देवी, डेहकेला सीआरसी से जोनो एमलेन और अंजिला होरो इमलिया लकड़ा, लापा सीआरसी से कमला देवी और बिंदू देवी के अलावा जरियागढ़ सीआरसी से नीतू देवी और सुशीला देवी का चयन किया गया। इस मौके पर गीता देवी, द्रौपदी देवी, सरस्वती देवी, बल मुन्नी देवी आदि उपस्थित थीं।

### जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम गुजरात रवाना



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होनेवाली सब जूनियर नेशनल रग्बी चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए रविवार को झारखंड की टीम गांधीनगर के लिए रवाना हुई। झारखंड रग्बी टीम में खूंटी के बालक एवं बालिका वर्ग से कुल 16 खिलाड़ी शामिल हैं। झारखंड टीम में शामिल जिले के खिलाड़ियों में बालक वर्ग में आनंद केरकेट्टा, सुशांत बाघवार, प्रतीक, नमजन, अंकित, अभय, उत्तम धान तथा सुखदेव। जबकि बालिका वर्ग में अर्चना, किरण, हीरामणि, प्यारी भेंगरा, पायल, प्रिया, स्नेहा तथा नितिन सांगा। सभी चयनित खिलाड़ियों को खूंटी जिला रग्बी संघ की ओर से विजेता बनने की शुभकामनाएं दी गई। यह जानकारी झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव हेजाज असदक ने दी। दूसरी ओर काठमांडू (नेपाल) में आयोजित अंडर 18 एशियन रग्बी चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधत्व कर लौटे खूंटी के डेविड मुंडा का स्थानीय लोयोला हाई स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया। इसमें झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव हेजाज असदक, खूंटी जिला रग्बी संघ के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार मिश्रा, मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरूण कुमार साबू, रग्बी के वरिष्ठ खिलाड़ी संजय हेरेंज, अभिषेक टूटी, सुकेश कंडुलना, शादाब खान, रॉबर्ट होरो, अलका टोपनो सहित रग्बी के अन्य खिलाड़ी शामिल थे। एशियन रग्बी में भारतीय अंडर 18 की पुरुष टीम सेमी फाइनल में यूएई से पराजित हुई थी, जबकि महिला टीम रजत पदक जीतने में कामयाब रही।

### रांची में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए खलारी झामुमो कार्यकर्ता

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो रांची जिला कमेटी की ओर से रांची में आयोजित सम्मान समारोह में खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान और कांके विधानसभा प्रभारी जनक नायक अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं-समर्थकों के साथ शामिल हुए। सम्मान समारोह में मंत्री का दर्जा प्राप्त राज्य समन्वय समिती के सदस्य बिनोद कुमार पांडे, योगेंद्र महतो एवं फागु बेसरा को झामुमो की राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी एवं केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। पूरा कार्यक्रम रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान खलारी प्रखंड के सभी पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त राजकीय समन्वय समिति के तीनों सदस्यों और अतिथियों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दिए। साथ ही सभी को खलारी आने का आग्रह करते हुए खलारी के सभी ज्वलनशील मुद्दों को उनके समक्ष रखा। इस मौके पर खलारी प्रखण्ड से पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, खलारी विशिष्ट प्रभारी प्रदीप भोगता, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, सुभाष प्रजापति, दिनेश्वर सिंह, कलाम रिजवी, इस्लाम अंसारी, संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, राजकुमार भोगता, मुकेश यादव, संगठन सचिव सीतलाल महतो, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, प्रखंड महिला नेत्री सपना कुमारी, रंजीत रजक और सोनू राम आदि मौजूद थे।

## सहारा में भुगतान की समस्या के समाधान को लेकर बाबूलाल मरांडी से मिले भाजपा मंडल ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रविवार को सहारा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा ओरमांझी मंडल ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष सन्तोष कुमार गुप्ता एवं युवा मोर्चा महामंत्री आंनद महतो झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मारंडी मिला। सहारा जमाकर्ता के जमा राशि का भुगतान नहीं मिलने को लेकर जानकारी दी और मदद के लिए सहायता मांगी। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि इस गंभीर विषय में गृह मंत्री अमित शाह से बात करूंगा। बहुत जल्द समाधान से संबंधित जानकारी से झारखंड की जनता को अवगत कराऊंगा। इस दौरान मुख्य रूप से खिजरी के पूर्व विधायक, रामकुमार पाहन , पार्टी ओबीसी मोर्चा सह उप मुखिया संतोष गुप्ता, युवा मोर्चा के आनंद मेहता एवं सभी गणमान्य जमाकर्ता उपस्थित थे।

## गरीबों की मदद के लिए तैयार रहती है भाजपा : अमरनाथ चौधरी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पझरा पानी स्थित प्राथमिक विद्यालय में राज्य सभा सांसद के सौजन्य से गरीब बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण करते हुए भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो गरीब, बुजुर्गों, किसान, महिलाओं के मदद के लिए तैयार रहती है। इस अवसर पर इनके साथ ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही,मंडल अध्यक्ष दिलिप मेहता, प्रवक्ता अलखनाथ महतो, मीडिया प्रभारी राज किशोर साहू, संचालक राजधाम साहु,युवा मोर्चा के शशि मेहता, प्रमुख अनुपमा देवी, मंडल उपाध्यक्ष सुनिल महतो आदि मौजूद थे।

## हक अधिकार को लेकर मुखिया महासंघ बनाने को लेकर बैठक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंचल मैदान में रांची जिले के सभी प्रखंड से आए हुए मुखियाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता ओरमांझी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाईक के द्वारा व संचालन मुखिया संघ के संरक्षक धनराज बेदिया के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सभी मुखियाओं ने अपने हक और अधिकार के अखिल झारखंड क्रांतिकारी मुखिया महासंघ बनाने की बात रखी। जिसमें सभी मुखिया ने अपने-अपने मंतव्य व विचार साझा किये। अगली बैठक 8 जनवरी 2023 को मांडर प्रखंड के मुड़मा जतरा टांड़ में होगी। झारखंड के समस्त मुखियाओं का जुटान होगा। अपने हक और अधिकार की मांग सरकार के समक्ष रखेंगे। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन मुखिया संघ के सचिव सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव द्वारा किया गया।

## नगड़ी के संत माइकल्स विद्यालय में कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के जाजपुर स्थित संत माईकल्स विद्यालय में एक दिवसीय कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संत माईकल्स प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या वंदना बहल के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि वंदना बहल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक विकास होता है अपनी अंदर छुपी कला को निखारने के मौका मिलता है। बच्चों ने वायु प्रदूषण, जल संरक्षण जैसे मूलभूत विषय को बहुत ही बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत अभिभावकगण भी बच्चों से जानकारी हासिल करने के लिए उत्सुक दिखे। प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ने लोगों का स्वागत किया।

## नगड़ी के प्राचीन मंदिर में सुंदरकांड का सस्वर पाठ का आयोजन 21 जनवरी को



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** श्री प्रचार मंडल नगड़ी के द्वारा आगामी 21 जनवरी 2023 दिन शनिवार को होने वाला 1001 भक्तों के द्वारा एकदिवसीय सुन्दरकाण्ड का सस्वर पाठ के आयोजन का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर रविवार को श्री प्रचार मंडल नगड़ी के वरीय सदस्यों ने नगड़ी के प्राचीन मंदिर में विग्रह श्री राधाकृष्ण के श्री चरणों में प्रार्थना पत्र सौंप कर पूजा आरती की गई। मौके मानस प्रचार मंडल के सदस्यों मंदिर परिसर में बैठक रख कर 1001 भक्तों के द्वारा एकदिवसीय सुन्दरकाण्ड का सस्वर पाठ को सफल आयोजन के लिए रूपरेखा तय की बैठक में मुख्य रूप से हेमंत केशरी,कमलेश केशरी,अजय केशरी, संजीव केशरी,अरविंद केशरी रघुनंदन केसरी, रामानंद केशरी, दीपक केशरी, संजीव केशरी, नीतीश पाठक, आलोक चौधरी, अखिलेश सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे।

## हिज ब्लेसिंग पब्लिक स्कूल में मानस म्यूजिक कला केंद्र का उद्घाटन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगड़ी चेकपोस्ट स्थित हिज ब्लेसिंग पब्लिक स्कूल में मानस म्यूजिक कला केंद्र का उद्घाटन नगड़ी निवासी आठ वर्षीय बच्ची प्रणीति आर्या के द्वारा फीता काटने के तत्पश्चात सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मानस कला केंद्र के शिक्षक रांची के पवन शर्मा ने कहा कि आज के युग में संगीत से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों एवं संगीत में रुचि रखने वाले ढोलक, बैंजो, हरमुनियम में पारंगत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेमंत केसरी, कमलेश केशरी, संजीव केशरी, रामानंद केशरी, दिनेश महतो, दीपक केशरी, मनोज महतो, संजय कश्यप, राजेश केशरी, शैलेंद्र चौधरी, राजपाल साहू, रोहित महतो, चंद्रकांत पाठक, नीतीश पाठक, अनमोल चौधरी, मानस केशरी, कलश केशरी, अदिति केशरी उपस्थित हुए। मंच संचालन पुरूषोत्तम केशरी एवं धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश केशरी ने किया।

### कार्यक्रम : खिजरी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन

# सोनिया-राहुल गांधी के सपनों को पूरा करना है : राजेश कच्छप

**कांग्रेस पार्टी सभी धर्म, जाति को लेकर चलती है : डॉ राकेश किरण महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के लुपुगंटोली नामकुम स्थित आवास में कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हम सभी को राहुल-सोनिया गांधी के सपनों को पूरा करना है। हमारा देश कैसे बचेगा इसका चिंतन करना है। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी अपने आप को विधायक नहीं समझा। मैं केवल एक आपकी तरह सच्चा कांग्रेस का सिपाही हूं। पार्टी में कार्यकर्ता ही रीढ़ होते हैं। आप सभी को साथ मिलकर खिजरी विधानसभा को चौमुखी विकास करना है। पंचायत, जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर से केन्द्र तक कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है और हमारे नेता सोनिया-राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है।

विशिष्ट अतिथि जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्म, जाति को लेकर चलती है। पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार ने पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका को लाठी ही दी है। लेकिन हमारे गठबंधन की हेमंत सरकार ने सभी को सम्मान दिया है।

विशिष्ट अतिथि रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि खिजरी विधायक के सहयोग से ही कल रांची में भारत जोड़ो यात्रा सफल हुई। विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार सहाय ने कहा कि हम सभी को पंचायत से लेकर जिला से राज्य स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना है और सोनिया-राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है।

विशिष्ट अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी ने कहा कि आज हमारे सोनिया-राहुल एवं केंद्रीय अध्यक्ष को भारत में विकास कैसे होगा उसकी चिंता रहती है। आपको खिजरी विधानसभा में कर्मठ हुनर एवं विकास पुरुष के रूप में राजेश कच्छप मिला है और आगे भी इन्हें बनाये रखना है। आगे झारखंड की बागडोर संभालेंगे इससे खिजरी विधानसभा की एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता को गौरव महसूस होगा।

विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि हमारे केंद्रीय अध्यक्ष खड़गे एवं सोनिया-राहुल गांधी के सपना को पूरा करते हुये भारत जोड़ो यात्रा को सफलतापूर्वक कार्यक्रम कर रहे हैं। सभी जगह जन समर्थन में काफी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं। हम सभी को गांव से लेकर प्रदेश तक कार्यकर्ताओं को संगठन बनाकर राहुल-सोनिया के हाथों को मजबूत बनाना है। कार्यकर्ता सम्मेलन में नामकुम, ओरमांझी, अनगड़ा, नगड़ी एवं रांची नगर निगम क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को खिजरी विधायक राजेश कच्छप की धर्मपत्नी रिया तिर्की ने स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

मौके पर अशोक कुमार मिश्र, रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की, सतीश कुमार पंडा, सुनील उरांव, राजेंद्र मुंडा, प्रेमनाथ मुंडा, लाल मोहितनाथ शाहदेव, रमेश चंद्र उरांव, रमेश उरांव, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, नामकुम प्रमुख आशा कच्छप, मुन्तजिर रजा, सुरेश साहू, रमेश पांडेय, रंजीत बड़ाईक, विजय टोप्पो, मुरलीधर, अशफाक आलम, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, संजय साथिया, महादेव मुंडा, विजय मुंडा, सचिन नायक, जफर इमाम, माधो कच्छप, चमन रजक, बलराम बेदिया, हरिमोहन महतो, रशिद अंसारी, सफिउल्हा अंसारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल की संगठनात्मक बैठक में एकजुटता पर बल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातू डैम में रविवार को मांडर विधानसभा के भाजपा मंडल का संगठनात्मक मंथन बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मांडर विधानसभा के बेड़ो, मांडर, चान्हो, बिजुपाड़ा, इटकी, लापुंग, नरकोपी व टांगरबसली के मंडल अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिये गये। बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी तथा मंडल कमेटी एकजुट करने का निर्णय लिया गया।

मौके पर भाजपा नेता राजीव रंजन अधिकारी ने कहा कि आपसी तालमेल और बूथ कमेटी को मजबूत करने के बाद ही बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। वहीं नीरज कुजूर ने कहा कि सारे कार्यकर्ता आपसी विवाद को छोड़कर बूथ कमेटी को मजबूत करें। उन्होंने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं में जिस दिन गुटबाजी खत्म हो जाएगी उसी दिन से भाजपा का प्रदर्शन शानदार होने लगेगा। इसलिए आवश्यक है कि सारे लोगों आपसी सामंजस्य बनाकर संगठन को मजबूत करें। सतीश शाह ने कहा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। बूथ व मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं के एकजुटता से चुनाव जीता जा सकता है। कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। हिंदिया टोप्पो ने कहा कि भाजपा के पास एक मजबूत संगठन है। इसके बल पर पार्टी किसी भी चुनाव में जीत हासिल कर सकती है। पार्वती कुमारी ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की नींव होते हैं। उनके ही दम पर पार्टी अपना प्रदर्शन करती है। जगरनाथ भगत ने कहा कि बूथ भाजपा की सबसे छोटी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक इकाई है। आने वाले चुनाव, बूथ मजबूत कर सक्रिय संगठन के बल पर चुनाव जीतना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेड़ो मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा संचालन तेजू दास व बलराम सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखदेव कच्छप, राजेश साहू, धनंजय महतो, अरुण साहू, आनंद साहू, मोती गुप्ता, गणेश महथा, जतरु उरांव, सुभाष उरांव, अनिल उरांव हरिमोहन साहू, दुखहरन सिंह, जीतन पाल सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सोलंकी एफसी बनी लाल बहादुर स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शास्त्री स्पोर्टिंग यूनियन सामलोंग चुटिया के तत्वावधान में शास्त्री मैदान सामलोंग में आयोजित लाल बहादुर स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का फाइनल मैच रविवार को सोलंकी एफसी और बिरसा क्लब पंडरा के बीच हुआ। जिसमें सोलंकी एफसी ने टाई ब्रेकर में 4-1 से मैच जीत लिया। मैच में अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जायसवाल, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, अश्वनी सिन्हा, दिलीप साहू, सुरेश साहू, रिंकू सिंह, सुमित सिंह, अमित मेहता उपस्थित थे। जिन्होंने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच को शुरू करवाया। इस दौरान एक संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक मुकाबला में मैच की शुरूआत से ही दोनों टीम को गोल करने का कई मौका मिला और खेल के 55वें मिनट में कैती बाबा के शानदार गोल से बिरसा फुटबॉल क्लब पंडरा ने 1-0 का बढ़त ले लिया। तत्पश्चात खेल के 70वें मिनट में सोलंकी एफसी ने गोल कर दोनों ही टीम को बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय में दोनों टीम 1-1 की बराबरी पर रही। फिर मैच का निर्णय टाई ब्रेकर से हुआ। जिसमें सोलंकी एफसी 4-1 से मैच जीतकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। अतिथियों द्वारा विजेता टीम सोलंकी एफसी को 75 हजार, उपविजेता टीम बिरसा क्लब पंडरा को 50 हजार, तृतीय स्थान गाड़ीगांव पाहनटोली को 25 हजार एवं चतुर्थ स्थान पर आने वाली टीम को 15 हजार नगद देकर पुरस्कृत किया गया। मैच का संचालन-रेफरी सुरेश ने किया।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में अध्यक्ष छत्रधारी महतो, गौतम देब, मनोज महतो, राजेश प्रसाद, मनोज कुमार महतो, प्रकाश महतो, नंदकिशोर साहू, अश्वनी कुमार, संजय महतो, संजू महतो, भूषण महतो, जितेंद्र कुमार, सुमित जायसवाल, विनय कुमार, कारू साहू, राजदीप किशोर एवं संरक्षक चंद्रप्रकाश महतो ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### कार्यक्रम : कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन

# बच्चे ही नयी वैज्ञानिक सोच के साथ देश को नयी उंचाइयों तक ले जायेंगे : प्राचार्या

**विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, कराटे, कारगिल एक्ट आदि से सबका मन मोह लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के चोरिया मोड़ बिजुपाड़ा स्थित कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी सह मेला का अत्यन्त शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान, गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी (पूर्व रजिस्ट्रार, रांची विश्वविद्यालय), विद्यालय के सचिव परमा सिंह, प्राचार्या रिहा शर्मा के साथ न्यू कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल काठीटांड़ के प्राचार्य जेराल्ड पैट्रिक पी एवं धुर्वा के प्राचार्य सुशील कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का भव्य स्वागत के पश्चात परंपरागत रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, कराटे, कारगिल एक्ट आदि से सबका मन मोह लिया। इस बीच मंच का संचालन शिक्षिका भारती मिश्रा ने किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस विज्ञान और कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने सभी विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, कम्प्यूटर आदि से संबंधित अनेक प्रारूपों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। विशेष अतिथियों के साथ अभिभावकों ने भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों का पूरी गहनता के साथ निरीक्षण किया और बच्चों की प्रतिभा को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। बच्चों की योग्यता एवं प्रतिभा का सुंदर रूप देखकर सभी मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे थे। प्रदर्शनी के साथ-साथ बच्चों के लिए कई प्रकार के खेल तथा खाने पीने के तरह तरह के स्टॉल आदि भी लगाए गए थे, जिनका सबने भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय के सचिव परमा सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास करने में विज्ञान प्रदर्शनी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

प्राचार्या रिहा शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की असाधारण योग्यता की सराहना की एवं उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ये बच्चे ही

### महत्वपूर्ण न्यूज

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने किया निशुल्क चिकित्सा सह दवा वितरण शिविर का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के अंतर्गत लालगंज गांव में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा सह निशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सुदूर ग्राम सुकुरहुटू, लोहागडा, सापुकेरा, लेटे, बोकरंदा, गाड़ी, परसा आदि गांवों से आए कुल 290 रोगियों का इलाज कर दवा वितरण किया गया। रांची से आये अनुभवी एलोपैथी एवं होम्योपैथी के चिकित्सक डॉ एसएन सिन्हा, डॉ रोहित सिंह, डॉ शंकर रंजन, डॉ निरुपमा नीलम लकड़ा (स्त्री रोग), डॉ पीके राज, डॉ उत्पल एवं डॉ त्रिविधा रघुवंशी ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर, मधुमेह, मलेरिया आदि की निशुल्क जांच की व्यवस्था भी की गई थी। जिसमें मो. अख्तर, लाल प्रवीण सिंह एवं राजेश कुमार मांझी का सहयोग रहा। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची के मंत्री राधेश्याम सिंह ने बताया कि संस्था अपने 19 सूत्री कार्यक्रमों के तहत प्रत्येक वर्ष निशुल्क चिकित्सा सह दवा वितरण शिविर का आयोजन करती रही है। शिविर में लालगंज के भानु प्रताप नाथ शाहदेव तथा स्थानीय निवासियों बैजनाथ बड़ाईक, रविंद्र साहू, चरकू साहू, प्रेम साहू, शशि साहू, रामप्रीत साहू तथा महेंद्र साहू का सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची के प्रतापादित्य नाथ शाहदेव, प्रशांत सिन्हा, अंजनी सिंह, नागदमनी नाथ शाहदेव, लाल गिरेंद्र नाथ शाहदेव, समरेंद्र सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दिघिया पारिस में भिखारियट युवा ने किया क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया पारिस में रविवार भिखारियट युवा के द्वारा क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विशप स्वामी फिलिप टोप्पो के मिस्सा अनुष्ठान के बाद युवा नेता सन्नी टोप्पो, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का,डीएसपी रजत मणिक बाखला व पल्ली पुरोहित भिंसेन्ट मिंज द्वारा क्रिसमस केक काटकर गैदरिंग का शुभारंभ किया गया। वहीं संत अन्ना स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर युवा नेता सन्नी टोप्पो ने समारोह में शामिल सभी युवक-युवतियों को युवा शक्ति के साकारात्मक ऊर्जा को पहचानने व उसका उपयोग समाज व राज्य के हित में करने का आह्वान किया। सभी को क्रिसमस व नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस आनंद का पर्व है। क्रिसमस हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर फादर डिरोशियुश मिंज, फादर अजय तिर्की, फादर शिशिर सोरेन, फादर रोबोट मिंज, देवनिश तिग्गा, महिला संघ की रोज तिर्की समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## भगिनी निवेदिता सेवा केंद्र नवागढ़ ने किया बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भगिनी निवेदिता सेवा केंद्र नवागढ़ के द्वारा रविवार को रंगामाटी बरवाटोली के फुटबॉल मैदान में बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के मार्ग दर्शन में की गई। प्रतियोगिता में दुबलाबेड़ा, भोगनाबेड़ा, ओबर हड़राबेड़ा, बरवाटोली एवं गुन्दली टोली के कुल पांच बालिका टीमों ने भाग लिया। प्रथम मैच दुबला बेड़ा एवं भोगनाबेड़ा के बीच खेला गया। जिसमें भोगना बेड़ा 0-5 से जीती। दूसरा मैच ओबर हड़राबेड़ा, एवं गुंदली टोली के बीच खेला गया। खेल में काफी रोचक मुकाबला रहा और पेनाल्टी सुट में गुंदली टोली टीम ने 0-1 के मुकाबले में जीत दर्ज की। फाइनल मैच 25 दिसबंर को खेला जाएगा। मैच का सफल आयोजन में मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र अध्यक्ष करमी देवी, सचिव पार्वती देवी, वार्ड सदस्य गीता देवी, विवेकानंद सेवा केंद्र अध्यक्ष संतोष बेदिया, सचिव कमल बेदिया, जगदीश भोगता, सोमरा बेदिया, पहलू बेदिया रोहित शाही, तुलसी महतो, सुबोध बेदिया, गुदूवा बेदिया आदि का अहम योगदान रहा।

## भाजपा नेता सह समाजसेवी को मातृ शोक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कुच्चू पंचायत के बदरी खभावन के समाजसेवी सह भाजपा नेता सोहरैया बेदिया की माता जी भदरी देवी उम्र 75 वर्ष का निधन रविवार को खभावन स्थित अपने आवास में हो गया। वह पिछले कई महिनों से बीमार चल रही थीं। रविवार दोपहर को अचानक तबियत बिगड़ जाने से शाम 3:00 बजे उनका निधन हो गया। सूचना पाकर इस दुख की घड़ी मे पूर्व विधायक रामकुमार पहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पंचमी देवी, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, सुरेन्द्र महतो, रामसाय मुण्डा, उपमुखिया सहदेव बेदिया, पंचायत समिति सदस्य जोन तिग्गा, संतोष बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पहलू बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, डॉ शचिमोहन कुमार, बिरसू बेदिया लगनू बेदिया, शनिचरवा बेदिया, झरिया बेदिया, सुनिल महतो, पंचम भोगता, रामनाथ महतो, बुधराम बेदिया, जगेशवर बेदिया आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किये।

## प्रखंड अंजुमन कमेटी के चुनाव को लेकर बैठक

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिमलिया मैदान में रविवार को प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के 27 अंजुमन कमेटी के सैकड़ों लोग उपस्थित हुये। जिसमें सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया गया कि इस चुनाव से संबंधित एक और बैठक इसी मैदान में बहुत जल्द किया जाएगा। जिसमें छूटे हुए जिम्मेदार व्यक्ति व समाज के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों तथा उलेमाओं को भी बुलाया जाएगा। बैठक के उपरांत सबकी सहमति से आगे की कार्यवाही की जाएगी। रातू प्रखंड उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रखंड अंजुमन के सदर कमरुल हक, सेकेट्री कुदुस अंसारी, नायब सदर अंजुम खान, नायब सेकेट्री नौशाद आलम, खलील अंसारी, पूर्व उप प्रमुख महमूद आलम, अमन ग्रुप अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, सिमलिया सदर शमीम, खैरुद्दीन अंसारी, महफूज अंसारी, रयुफ अंसारी के अलावा सैकड़ों लोग शामिल थे।

## झारखंड कर्मचारी महासंघ का सातवां जिला सम्मेलन संपन्न

# आठवें वेतनमान को लेकर केंद्र सरकार को घेरेगा झारखंड का कर्मचारी संगठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला पलामू का सातवां अधिवेशन पीएचइडी परिसर में आयोजित किया गया।इसका उदघाटन महासंघ के प्रांतीय मुख्य संरक्षक धर्मराज तिवारी व प्रांत के अध्यक्ष विमल सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया।सम्मेलन में कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं एवं आठवां वेतनमान के साथ ही साथ राज्य सरकार से जुड़ी मांगों पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष विमल कुमार सिंह ने कहा कि यह संगठन सबसे सशक्त एवं पुरानी संगठन है। हम सभी कर्मचारी इतनी ताकत रखते हैं कि किसी भी सरकार को हिला सकते हैं। उन्होंने कर्मचारियों को आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी एकजुटता बनाये रखें। हमारे आंदोलन का उपज है कि झारखंड सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू किया है। उन्होंने कहा कि जब तक एनपीएस में काटी गई राशि को राज्य सरकार एवं भारत सरकार कर्मचारियों को नहीं देती है। तब तक हमारा आंदोलन समाप्त होने वाला नहीं है। इस मौके पर प्रांतीय संरक्षक धर्मराज तिवारी ने कहा कि आठवें वेतनमान आयोग के लिए मोदी सरकार को झारखंड के तमाम कर्मचारी संगठन एकजुट होकर देशस्तर पर घेरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पे मैट्रिक्स लेवल में एक से आठ तक छोड़ दिया गया है। जबकि इसमें पदाधिकारियों का पे मैट्रिक्स में सुधार किया गया है। इसमें सरकार कर्मचारियों के साथ भेदभाव अपना रही है। इसे नहीं होने दिया जायेगा। श्री तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार सरकार ने पदाधिकारियों का पे मैट्रिक्स में सुधार किया है उसी प्रकार कर्मचारियों का भी सुधार करे। अन्यथा इसके लिए आंदोलन करने पर कर्मचारी संगठन बाध्य होंगे। सम्मेलन में के एन ठाकुर ने कहा कि बिहार के समय से ही जो समस्या हम कर्मचारी झेलते आये हैं उसे आज झारखंड में भी कर्मी झेलने को मजबूर हैं। जबकि बिहार से झारखंड अलग हुए 22 वर्ष बीत गये। लेकिन सरकार कर्मियों के साथ वादाखिलाफी करती आ रही है। जिसे लंबी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। मौके पर विनोद कुमार मिश्रा, अंजनी कुमार सिन्हा, विनित कुमार, मोहन बांदरा समेत अन्य ने अपने पिवचार व्यक्त किये। सम्मेलन के अंत में पलामू जिला कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष ललन कुमार, सचिव अशोक कुमार, चंदन कुमार सिंह कोषाध्यक्ष चुने गये। कार्यकारी अध्यक्ष पीडब्लू रोड के सिद्धनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष देवाशीष सेन गुप्ता, राणा मोहम्मद शाहबाज खां, संजय कुमार मिश्रा का चयन किया गया। नदी घाटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीलकमल भटाचार्य, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण चौबे,सचिव अश्विनी कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष मतीन अंसारी चुने गये।

### मौके पर ये रहे मौजूद

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कर्मचारी संघ के संरक्षक विनोद कुमार, अध्यक्ष कमलेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष एडविन शोर, सचिव अमित कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष मो. सलीम अंसारी एवं पथ निर्माण विभाग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अशोक दास, सचिव अभय सिन्हा चुने गये। सम्मेलन में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह, रघुवंश चौबे, सुरेंद्र तिवारी, लालजी मिश्रा, दीपक शाही, ऋषि कपूर, अनिल पाठक, महामाया प्रसाद, मधुमाला, संजू कुमारी, जैनत बीबी, सबीता देवी, ललिता देव समेत काफी संख्या में कर्मी मौजूद थे।

## पथरा के शिवपुर खेल मैदान में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# टूर्नामेंट के आयोजन से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है : एसडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के शिवपुर खेल मैदान पर नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच का आयोजन किया गया।इसका शुभारंभ हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह,पथरा पंचायत के मुखिया नरेश कुमार पासवान,कमिटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव असलम अंसारी, संयोजक बिनत कुमार,अनुज कुमार,अरुण ठाकुर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।उद्घाटन मैच मांडर बनाम गया के बीच खेला गया। जिसमे मांडर की टीम ने गया को 4 गोल से हराया। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का प्रेरणा मिलता है। साथ ही उन्होंने नॉक आउट टूर्नामेंट करा रहे आयोजन समिति के लोगो का भी प्रशंसा करते हुए खेल क्षेत्र के लिए सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में खेल से शारिरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए रोजगार का अवसर भी प्रदान करता है। मौके पर मौजूद समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मन, मस्तिक, और शरीर का विकास होता है। इस तरह के आयोजन से समाज मे अच्छा संदेश जाता है। इसमें नए पीढ़ी को रुचि लेने की जरुरत है। खेल के क्षेत्र में युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। मौके पर पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर रतन लाल, सुनील चंद्रवंशी, अशोक यादव, अरबिंद यादव, कृष्णा सिंह, बिहारी पासवान, सीधी सिंह, बबल सिंह समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## गांवों के विकास के बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है : राजन सिन्हा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के चैनपुर प्रखंड के खुराकला पंचायत के पंचायत भवन परिसर में युवा जागृति केंद्र की सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय जनता ने युवा जागृति केंद्र की सदस्यता ग्रहण की तथा संगठन के साथ मिलकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संगठन की पंचायत स्तरीय समिति का निर्माण किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रविंद्र विश्वकर्मा को अध्यक्ष, विकास कुमार कमलापुरी को उपाध्यक्ष, सत्यनारायण बैठा को सचिव, राजेश कुमार चौधरी को सह सचिव, जितेंद्र साहू को कोषाध्यक्ष एवं रमेश चौधरी को सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष नियुक्त किया गया।सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न समस्याएं व्याप्त हैं, ग्रामीण क्षेत्र विकास की श्रेणी में सबसे पीछे खड़े हैं जबकि आज भी भारत गांवों का देश है। गांवों के विकास के बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है। युवा जागृति केंद्र ग्रामीणों में राष्ट्रभक्ति का संचार कर रहा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत कर रहा है। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा विकास के लिए युवा जागृति केंद्र ही एकमात्र विकल्प है। पंचायत और ग्राम स्तर की समितियां युवा जागृति केंद्र के सिद्धांतों को और भी समृद्ध करेंगी। नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा यदि समस्याओं का समाधान करना है तो युवा जागृति केंद्र के साथ आना होगा। कार्यक्रम का संचालन चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह उर्फ गुड्डन सिंह ने किया।

# नर में नारायण का होता है अहसास : मिशन समृद्धि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सशक्त समृद्धि टीम के बदौलत समृद्धि की रोटी अभियान मौसम से प्रभावित नहीं होता। जिसका एक मात्र कारण है टीम का निः स्वार्थ होना। नर में नारायण का होता है अहसास इसी भावना से प्रेरित हैं सभी सदस्य।तभी यह नेक काम हो पा रहा है। मिशन समृद्धि संस्था दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के प्रति संवेदनशील है। निरंतर उन्हें संस्था भोजन कपड़ा देते रहने का प्रयास करती है। कल उनके बीच रोटी सब्जी और खिचड़ी का वितरण किया गया। भोजन देने वाले परिवारों का आभार।



# हैदरनगर देवी धाम मंदिर में शतचंडी महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हैदरनगर।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर में श्री मां देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। यह यज्ञ 21 जनवरी से 30 जनवरी तक चलेगा। एक तरफ नव कुंडीय यज्ञशाला एवं कुटिया कुशल कारीगरों के द्वारा निर्माण की जा रही है, तो दूसरी तरफ यज्ञ स्थल की आस पास साफ सफाई की जा रही है। मंदिर परिसर की रंग रोगन का कार्य अंतिम चरणों मे है। यज्ञ को लेकर कथा व तैयारी की देख रेख के लिए यज्ञचार्य सुंदर राज स्वामी जी महाराज का आगमन रविवार को गया। वे यज्ञ समापन तक यज्ञस्थल पर कथा प्रवचन करेंगे। यज्ञ समित के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि हैदरनगर देवी धाम की माता में कई राज्यों के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां भव्य यज्ञ की तैयारी जोरों से की जा रही है। प्रचार प्रसार सहित धन उपार्जन के लिए कई टोलियां क्षेत्र के भृमण कर रही है। यज्ञ की तैयारी में सर्वेश्वरा चार्य स्वामी, बभांडी पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह, बब्लू सिंह, उज्जवल पांडे, रविंद्र सिंह, रामस्त्रेश सिंह, अजित उपाध्याय, मुकेश दुबे, सोनू सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता लगे हुए है।

# शौर्य दिवस पर पथ संचलन का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के पांकी मे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा आज शौर्य दिवस पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता उपस्थित थे।कार्यक्रम में जिला के बजरंग दल के पदाधिकारी शामिल थे। बड़े हर्ष के साथ शौर्य पथ संचलन का कार्य किया गया।शौर्य पथ संचलन का नेतृत्व पांकी प्रखंड के बजरंग दल के अध्यक्ष शंषकार सोनी ने किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा प्रवक्ता लवली गुप्ता, लेस्लीगंज प्रखंड के बजरंग दल के अध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, प्रोफेसर बचन ठाकुर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, अजय प्रसाद गुप्ता, पांकी सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडे, पांकी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शत्रुधन सिंह, पांकी भाजपा मंडल महामंत्री श्यामनंदन ओझा, मधुसूदन प्रसाद, पांकी प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, अखिलेश प्रसाद, कुंदन सिंह, अखिलेश ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भीड़ से अलग दिखता मेयर प्रत्याशी पंकज कुमार श्रीवास्तव का प्रचार-प्रसार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आम तौर पर उम्मीदवार अपने को प्रभावशाली स्थापित करने के लिए अपने साथ भीड़ लेकर चलते हैं। लेकिन पंकज श्रीवास्तव का स्वच्छ सुंदर मेदिनीनगर के लिए संदेश देने का अनोखा तरीका नागरिकों को लुभा रहा है। आप कितनी संख्या में चल रहें हैं यह मायने नहीं रखता,मायने ये रखता है कि आप प्रत्याशी होने से पहले समाज से कितने जुड़े रहे हैं। पंकज बैंक में व्यस्त रहते हुए भी समाज में अपनी पहचान बनाई है यह आज प्रत्यक्ष देखने को मिल रहा है। ऐसे प्रत्याशी को देखकर लोग काफी खुश नजर आ रहें हैं। हर मुहल्ले में अधिक संख्या में लोग उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रभावित नजर आ रहें हैं। इसलिए इनके प्रचार में यह नहीं दिखता कि आज इनहोंने किस क्षेत्र का दौरा किया, दिखाई यह देता है कि दस व्यक्तियों में आठ व्यक्ति इन्हें इनके कार्यो से अवश्य जानते हैं।

## स्पोर्ट्स



प्रतिज्ञा मातृ शक्ति फुटबॉल 2022 का फाइनल मुकाबला रविवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में खेला गया।

### प्रतिज्ञा मातृ शक्ति फुटबॉल 2022

# फाइनल मुकाबले में गुलाबी सुदाग खूंटी ने सुरूद एफसी नामकुम को 3-0 से हराया

**मुख्य अतिथि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं वर्तमान में टीम इंडिया की सलेक्टर अंसूता लकड़ा ने सुदाग की टीम को ट्रॉफी और 10 हजार का चेक दिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रतिज्ञा मातृ शक्ति फुटबॉल 2022 का फाइनल मुकाबला रविवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में खेला गया। खिताबी मुकाबले में खूंटी की गुलाबी सुदाग की टीम ने नामकुम की सुरूद एफसी को 3-0 गोल के अंतर से हराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं वर्तमान में टीम इंडिया की सलेक्टर अंसूता लकड़ा ने सुदाग की टीम को ट्रॉफी और 10 हजार का चेक दिया। वूमेंन ऑफ द मैन सुदाग टीम की मरियम तिर्की और गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट सुदाग की ही ननकी धान रहीं। टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर पदमपुर खूंटी की दिलखुश टीम रही। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अंसूता लकड़ा ने कहा कि वो पहली बार इस तरह का फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल देख रही है। जिसमें झारखंड के गांवों से आने वाली महिलाएं पूरे दमखम के साथ फुटबॉल खेल रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिज्ञा संस्थान का यह प्रयास सराहनीय है। वह फुटबॉल के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को शशक्त एवं जागरूक बना रहा है। फाइनल मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे, जिनमें फुटबॉल खेल रही माताओं के छोटे बच्चे एवं उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। लगभग दो महीने चली इस मातृ शक्ति टूर्नामेंट में अलग-अलग जिलों से कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया।

### मौके पर ये रहे मौजूद

मैच के दौरान झारखंड खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, खेल प्रसंशक सुनील अग्रवाल, प्रतिज्ञा संस्था के सचिव अजय कुमार, निदेशक रश्मि, प्रोग्राम हेड चंदन कुमार, मनीष, रोबिन, कृति, लक्ष्मी एवं अन्य मौजूद रहें।

## केरल में मेसी के फैन का अनोखा अंदाज: समंदर में 100 फीट नीचे स्टार प्लेयर का कटआउट लगाया

**दोहा/तिरुवनंतपुरम (आजाद सिपाही)।** स्वादिख ने अर्जेंटीना के फाइनल में पहुंचने पर समंदर के 100 फीट नीचे मेसी का कटआउट लगाने का वादा किया था। आज पूरी दुनिया के फुटबॉल फैंस की नजरें दोहा के लुसैल स्टेडियम पर हैं। रात 8:30 बजे से डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच फुटबॉल वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। रात 12 बजे नई तारीख के साथ दुनिया को नया फुटबॉल चैंपियन मिलेगा। ऐसे में फैंस अपनी-अपनी पसंदीदा टीम को सपोर्ट कर रहे हैं। कोई फ्रांस के स्टार किलियन एमबाप्पे का उत्साह बढ़ा रहा है, तो कोई अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी को चियर कर रहा है। इस बीच, केरल के एक फैन ने समंदर में 100 फीट नीचे लियोनल मेसी का कटआउट लगाया है। मोहम्मद स्वादिख नाम के इस फैन ने कहा था, 'यदि अर्जेंटीना की टीम वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच जायेगी तो मैं मेसी का कटआउट समंदर के नीचे लगाऊंगा। अब फाइनल से ठीक पहले स्वादिख ने मेसी का कटआउट समंदर के नीचे लगाया है। जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है, ये फैन दो अन्य लोगों के साथ बोट से लियोनल मेसी का कटआउट समंदर के बीच में लेकर जाता है और किट के साथ पानी में छलांग लगा देता है। वे कटआउट को समंदर के 100 फीट नीचे ले जाते हैं और उसे लगाते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



**अधिकारियों से कहा :** जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी लाभुक वंचित ना रहे

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसिक होगा तेनुघाट, जल्द ही दिखेगा बदलाव: डीसी

**डीसी व एसपी की अगुवाई में बेरमो अनुमंडल मुख्यालय में हुई अधिकारियों की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ बैठक करते बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी चंदन झा।

**तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय में रविवार को बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी चंदन कुमार झा की संयुक्त अध्यक्षता में पुलिस अनुमंडल कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा, कार्यपालक डंडा अधिकारी एसएन पासवान के अलावा सभी थाना प्रभारी, अंचल निरीक्षक एवं अंचलाधिकारी मौजूद थे। बैठक में डीसी व एसपी ने अनुमंडल कार्यालय एवं राजस्व विभाग से जुड़े सभी कार्यों के अलावा जर्जर भवनों का भी निरीक्षण किया। डीसी ने कहा कि अधिकारी इस बात का ख्याल रखें कि जिला अंतर्गत चल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं से कोई भी ग्रामीण वंचित न रहे। सुखाड़ योजनाओं का लाभ सभी किसानों तक सरल रूप से पहुंचाया जा सके। वहीं, अनुमंडल कार्यालय के जर्जर भवन को देख पत्रकार द्वारा पूछे गए सवालों पर कहा कि जल्द ही इस जर्जर भवन का कायाकल्प होगा। इसके लिए सरकार को प्रस्ताव दिया गया है। सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण के लिए लिखा गया है। उन्होंने बताया कि तेनुघाट पर्यटन के क्षेत्र में भी विकसित होगा इसके लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, बहुत जल्द बदलाव देखने को मिलेगा।

पुलिस अधीक्षक चंदन झा ने बताया कि आने वाले नए वर्ष को लेकर सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट किया गया है और पुलिसकर्मियों के महिला सुरक्षा कर्मी को भी तैनात किया जयेगा और पिकनिक स्थल पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

# चार दिनों से लापता छात्र का शव तालाब से बरामद, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** थाना क्षेत्र के सुंदरनगर निवासी अजीत साव नामक 14 वर्षीय किशोर का शव रविवार को जोड़ापोखर बस्ती रॉयल स्कूल के निकट स्थित तालाब से बरामद हुआ। अजीत स्वत्रंत विद्यालय भागा में 10वीं का छात्र था। उसके पिता रमेश साव पेशे से चाय विक्रेता हैं। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, छात्र का शव पाए जाने की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मृतक की मां रूबी देवी ने बताया कि अजीत विगत 14 दिसंबर की दोपहर दो बजे घर से झरिया स्थित ट्यूशन जाने के लिए निकला था। पर वापस नहीं लौटा। काफी तलाश की गई, लेकिन उसकी कोई खोज खबर नहीं मिली तो जोड़ापोखर थाने में सनहा दर्ज कराया गया था। इसके बाद अजीत के मोबाइल फोन के लोकेशन की जांच करने पर पुलिस को जामाडोबा में बंद होने का पचा चला। अंतिम बार पुटकी के रहने वाले एक युवक से अजीत ने बात भी की थी। इसी आधार पर पुलिस ने उक्त किशोर को जब पूछताछ के लिए थाने बुलाया तो वह फरार हो गया है। मृतक की मां ने दावा किया कि उसके बेटे की हत्या की गई है। कहा कि पुलिस ने सनहा दर्ज किए जाने पर तत्परता दिखाई होती तो उसके बेटे की जान बच सकती थी।

## फोन बंद होने पर जतायी थी अनहोनी की आशंका



मृतक की मां ने कहा कि अजीत घर से झरिया ट्यूशन पढ़ने जाने की बात कहकर निकला था। पर जामाडोबा चला गया, जिसे कुछ लोगों ने भी देखा था। दोपहर 2.10 बजे से ही उसका मोबाइल फोन बंद हो गया है। पर परिजनों को शाम को फोन बंद होने की जानकारी हुई। मोबाइल बंद होने से परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सशंकित थे। पुलिस ने मोबाइल नंबर की जांच की तो पता चला कि जामाडोबा में अंतिम बार फोन बंद हुआ है। जामाडोबा से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित जोड़ापोखर रॉयल स्कूल के निकट तालाब तक कैसे पहुंचा ये जांच का विषय है। लोगों की मानें तो तालाब के पानी को ग्रामीण इस्तेमाल करते है। प्रतिदिन जोड़ापोखर और सोकाकुली बस्ती के दर्जनों लोग नहाने व कपड़ा धोने पहुंचते हैं। अगर अजीत की डूब कर मौत हुई होती तो किसी न किसी की नजर जरूर पड़ती। पर ऐसा हुआ नहीं। उधर, अजीत की मौत से मां रूबी देवी, पिता रमेश साव, बड़ा भाई सुजीत साव, उजीत साव और रंजीत साव का रो रोकर बुरा हाल है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगी सच्चाई

उधर, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने बताया कि पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

## तेतुलमारी के बीसीसीएल स्विच घर में धावा बोलकर ट्रांसफार्मर पार्ट्स की लूट

**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक बदस्तूर जारी है। ताजा मामला शनिवार की रात घटी। तेतुलमारी स्थित बीसीसीएल के सीएपी दो नंबर स्वीच घर में लगे 500 केवी ट्रांसफार्मर को चोरों ने क्षतिग्रस्त कर उसमें लगे तांबे-पीतल के क्वाइल काटकर अपने साथ ले भागे। साथ ही तेल भी बहा दिया, जिससे आस पास के इलाकों में अंधेरा फैल गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। वहीं, स्विच मैन विनोद चौहान ने पुलिस पर पूछताछ के दौरान मारपीट का आरोप लगाया है। उसने बताया कि देर रात करीब 1.15 बजे 25 से 30 की संख्या में हथियारबंद नकाबपोश चोरों के दल ने हमला किया था। हथियार का भय दिखाकर मोबाइल छीन लिया व मुझे बंधक बना कर लूटपाट की।

## विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री ने किया एटीएम का उद्घाटन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** अंगारपथरा स्थित फुटबॉल ग्राउंड मुख्य मार्ग पर रविवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने एटीएम का उद्घाटन किया। इशिका मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक संतोष प्रसाद ने बताया कि इस एटीएम से ग्राहक किसी भी बैंक के एटीएम कार्ड से निकाली कर सकते हैं। ग्राहकों के लिए कतरास धनबाद के मुख्य मार्ग में होने से काफी फायदा मिलेगा। मौके पर जिप सदस्य राजेश राम, पार्षद राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

# बिनोद बाबू के विचारों के अनुशरण से बढ़ेगा झारखंड का सम्मान : उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उमाकांत रजक व अन्य।

**बोकारो।** बिनोद बिहारी महतो के विचार और सपनों के झारखंड की लड़ाई आज भी अधूरी है। आजसू उनके विचारों और सपनों को कभी मिटने नहीं देगा। उन्हीं के विचारों से ही झारखंड का सम्मान बढ़ेगा। उक्त बातें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कही। वे रविवार को बोगला मोड़, रामडीह मोड़ एवं बिजुलिया मोड़ में बिनोद बाबू के पुण्यतिथि पर उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए संबोधित किया। कहा कि बिनोद बाबू के नेतृत्व में हुए महाजनों, सूदखोरों, बाल विवाह, डायन विसायी के खिलाफ और झारखंड राज्य के गठन के लिए हुए आंदोलन को हमें नजदीक से देखने का मौका मिला है। वे समर्पण, सुसंस्कृत समाज और झारखंड राज्य गठन के लिए आजीवन सपर्ति रहे। उसी से प्रभावित होकर हमने उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की, ताकि आते जाते लोगों को अपना कर्तव्य और अधिकार का बोध होता रहे। बिनोद बाबू पढ़ो और लड़ो के लिए प्रेरित करते रहे। कहा कि आदर्श से समझौता ना करें। याद रखें, बिनोद बाबू के विचार ही झारखंडी मानुष को राष्ट्रीय पटल पर सम्मान दिला सकता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि विनोद बाबू झारखंड आंदोलन के क्रांति दूत थे। हम सभी मिलकर उनके सपनो का समाज और राज्य निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लें। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव दुर्गाचरण महतो, नंदलाल महतो, लालमोहन शर्मा, तपन सिंह चौधरी, ओम प्रकाश पांडेय, सुरेंद्र महतो, टुपलाल महतो, बंसत पाण्डेय, रमा देवी, प्रकाश शर्मा, शत्रुघ्न महतो, राजेश भगत, बाटुल राय, परशुराम महतो, मिथिलेश महतो, उमेश महतो, राजीव रंजन झा, विकास सिंह, धीरेंद्र महतो, रमेश महतो, देवेंद्र महतो, मंटू गोप, नारायण चौबे, मंतोष मिश्रा, जगन्नाथ महतो, सिमल महतो, मनोज महतो, सुकलाल महतो, सुरेश महतो, रविश्वर महतो, जयतोष तिवारी, सुधीर महतो, रूपचांद महतो, सुशील सिंह, काली चरण महतो, हाफिज कलीम रजा, ज्योति लाल महतो, लालमोहन महतो आदि थे।

## पुण्यतिथि पर जनता दलयू ने किया बिनोद बाबू को नमन



बोकारो हवाई अड्डा के पास विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा माल्यार्पण करते हुए बोकारो जिला जनता दल यू के अध्यक्ष प्रदीप महतो, जिला सचिव प्रवीण कुमार, मनोज कुमार सिंह, गोमिया प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुधीर कुमार, प्रदेश सचिव सुरेश बुधिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, वीरेंद्र सिंह, शंकर सैनी, जिला महासचिव श्याम बिहारी राय व युवा के प्रदेश महासचिव चंद्र भूषण सिंह आदि ने नमन किया। इस मौके पर चंडी कुमार प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मनीष सिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने बोकारो हवाई अड्डा का नाम विनोद बिहारी महतो के नाम पर करने की मांग की।

## संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी कॉमरेड विनोद मिश्र की 24वीं पुण्यतिथि



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में रविवार को भाकपा माले के संस्थापक नेता व पूर्व महासचिव कॉमरेड विनोद मिश्र की 24वीं पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। उपस्थित लोगों ने सबसे पहले उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। माले के वरिष्ठ नेता उपेंद्र सिंह ने कहा कि कॉमरेड विनोद मिश्र भाकपा माले के संस्थापक नेताओ में एक थे। लंबे समय तक महासचिव रहते हुए पार्टी को पूरे देश में विस्तार किया। उनका नया भारत का सपना था, जिसमें कोई शोषित न हो। एरिया सचिव नागेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना है कि फरवरी 2023 में पटना में आयोजित भाकपा माले के 11वें महाधिवेशन को पूर्ण रूप से सफल बनाते हुए भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ रैली की जिम्मेदारियों को पूरा करेंगें। इस मौके पर नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह, मनोरंजन मलिक, हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, जितेन पांडेय, गणेश महतो, जितेंद्र शर्मा, काशी कोयरी, सतेंद्र चौहान, राजू चौहान, असीम घोष, अखिलेश्वर झा, रामलखन राय, लालबाबू रजक, माजी, राजनारायण महतो, नौरेन राखा, विजय भुईया, जमाल अंसारी, निरापदो माजी, सरीता देवी, उषा देवी, अनिता देवी, मालती देवी, सरोज देवी आदि थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने रेल मंत्री से की मुलाकात, यात्री सुविधा को लेकर सौंपा ज्ञापन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल में रेल यात्रियों को हो रही असुविधाओं एवं धनबाद से वंदे भारत समेत लंबी दूरी वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से संसद भवन परिसर कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। रागिनी सिंह ने रेल मंत्री को बताया कि धनबाद से मरीजों एवं बाहर राज्यों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए ट्रेन बेहतर विकल्प है, लेकिन कई स्थानों के लिए लंबी दूरी की ट्रेन उपलब्ध नहीं है। उन्हें बंगाल व अन्य स्टेशनों से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। अगर धनबाद रेल मंडल से वंदे भारत की तर्ज पर रेल सुविधाएं लोगों को मिलती हैं तो समय भी बचेगा और सहूलियत भी होगी। लगे हाथ उन्होंने धनबाद रेलवे स्टेशन रोड के किनारे दुकानों के हटाए जाने के मुद्दे पर भी बात की। कहा कि पहले दुकानदारों को कहीं अन्य जगह दी जाए उसके बाद उन्हें हटाया जाए। इस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही धनबाद रेल मंडल को नई रेल समेत अन्य यात्री सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। साथ ही रागिनी सिंह के धनबाद आने के निमंत्रण पर जल्द ही आने की भी बात कही।

# युवा पीढ़ी के शिक्षित होने पर ही होगा झारखंड का विकास : जलेश्वर महतो

**महुदा में मनाई गई स्व बिनोद बिहारी महतो की 31वीं पुण्यतिथि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** झारखंड के पुरोधा स्व बिनोद बिहारी महतो की 31वीं पुण्यतिथि पर रविवार को महुदा मोड़ स्थित बिनोद बिहारी महतो चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ों समर्थक पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ पहुंचे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो भी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ शामिल हुए और विनोद बाबू के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बिनोद बाबू ने झारखण्ड राज्य के लिए जो आंदोलन किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। बिनोद बाबू के सपना को साकार करने के लिए शराब विरोधी आंदोलन को सफल बनाकर नशामुक्त समाज का निर्माण करना होगा। आज की युवा पिढ़ी को गुणवतापूर्ण शिक्षा देने की जरुरत है। तभी झारखंड राज्य का विकास हो सकता है।

वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता बासुदेव मिश्रा और संचालन शिवाकर महतो ने किया। इस मौके पर शिवाकर महतो, सिंगड़ा के मुखिया सूर्यकांत महतो, राम-रहीम (असलम मंसूरी और राजकुमार), रवि महतो स्मारक टीटी कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव, रवि महतो स्मारक उच्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मधुसुदन महतो, समद अंसारी, कुलदीप ठाकुर, निर्मल रवानी, समीम शेख, सुखदेव महतो, कमलेश पांडेय, गंगाधर महतो आदि मौजूद थे। इसी बीच रवि महतो स्मारक उच्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापक मधुसुदन महतो के नेतृत्व में विद्यालय प्रांगन से एक जागरूकता रैली निकाली, जो विनोद बाबू का नारा लगाते हुए महुदा मोड़ पहुंचा।

## तेनुघाट कारा में जेल अदालत और कानूनी जागरूकता को लेकर शिविर का आयोजन



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** बोकारो प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक प्राधिकार की अध्यक्ष रंजना अस्थाना के निर्देशानुसार तेनुघाट जेल में रविवार को अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम दीपक कुमार साहू के नेतृत्व में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दो बंदियों की ओर से आवेदन दिया गया था। पर जेल की अवधि पूरी नहीं होने के कारण उन्हें छोड़ा नहीं गया। वहीं, कानूनी जागरूकता शिविर के दौरान बंदियों को एसडीजेएम दीपक साहू ने बताया कि वह जेल में नित्य सुबह उठे और योगा करें। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने बंदियों से कहा कि उन्हें जेल में किसी भी प्रकार की असुविधा हो तो जरूर बताएं, ताकि उसका समाधान हो सके। बंदियों को उन्होंने जेल में मिलने वाली सारी सुविधाओं के बारे में भी बताया। बंदियों से बातचीत के दौरान कुछ बंदिओं ने बताया कि उन्होंने अपना वकील नहीं रखा है। इस पर एसडीजेएम ने उन्हें जेल में एक आवेदन देने को कहा, जिससे उन्हें अतिशीघ्र वकील मुहैया कराया जा सके। उन्होंने जेल में कैदियों के लिए बनने वाले भोजन व रसोइ घर का भी निरीक्षण किया। वहां बन रहे खाना को देखकर वह संतुष्ट व खुश दिखे। वे अस्पताल वार्ड में भी गए और बंदियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं, अधिवक्ता रितेश कुमार जयसवाल ने बंदियों को कानून की कई जानकारियां दी। इस मौके पर अधिवक्ता सुभाष कटरियार, जेलर नीरज कुमार के अलावा विजय कुमार और सुजय आनंद आदि मौजूद थे।

## तस्करी की सूचना पर निरसा सीओ ने मां शारदा भट्ठे में की छापामारी, ट्रक व 35 टन कोयला जब्त

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा थाना क्षेत्र के गोपालगंज स्थित मां शारदा भट्ठे में सीओर नितिन शिवम गुप्ता की अगुवाई में शनिवार की रात तस्करी की सूचना पाकर गस्ती दल ने छापामारी की। इस दौरान भट्ठे में ट्रक में कोयला लादा जा रहा हा। वहीं, छापामारी की भनक लगते ही भट्ठे में हड़कंप मच गया और मजदूर भागने लगे। सीओ की सूचना पर निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव मौके पर पहुंचे और जांच प्रक्रिया में जुट गए। भट्ठा संचालक से कोयला से संबंधित कागजातों की मांग की। जानकारी के अनुसार उक्त भट्ठे का संचालक छोटन नामक व्यक्ति करता है जो लीज पर लेकर भट्ठा चला रहा हैं। पुलिस को कागजात पेश किए गए।समाचार लिखे जाने तक कागजातों की जांच जारी है। सीओ ने छापामारी की पुष्टि करते हुए ट्रक व कोयला जब्त किए जाने की जानकारी दी।

# बेरमो-बोकारो के पत्रकारों की बैठक, डीसी और एसपी से मिलकर करायेंगे समस्याओं से अवगत

**पत्रकार संदीप सिंह से अभद्र व्यवहार व मारपीट की ज्वलंत घटना को भी लेकर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेरमो।** सेंट्रल कॉलोनी स्थित ऑफिसर क्लब में रविवार को बेरमो और बोकारो के पत्रकारों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पत्रकार डीके ठाकुर और संचालन विजय कुमार सिंह ने किया। यहां पत्रकारों से संबंधित विभिन्न गंभीर मुद्दे और वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा की गई। वहीं, पत्रकार संदीप सिंह के साथ जेएसएलपीएस की बीपीएम अंजना सिंह द्वारा कार्यालय में बुलाकर अभद्र व्यवहार और मारपीट किए जाने की घटना पर सभी पत्रकार ने घोर निंदा की। पत्रकार अनंत कुमार, एसपी सक्सेना, मृत्युंजय मिश्रा, चंदन दूबे, संजय कुमार विनय गिरि, अनिल पाठक, अजय सिंह, उदय गुप्ता आदि ने कहा कि लोकतंत्रित व्यवस्था में किसी भी खबर पर किसी को आपत्ति हो तो इसके लिए न्यायिक प्रक्रिया है। उस रास्ते को अख्तियार ना करके पत्रकार के साथ अभद्रता और मारपीट या हमला करवाना उचित नहीं है। इस घटना के बाद पत्रकार स्वतंत्र रूप से अपना कार्य करने से डर रहे है। लगातार पत्रकारों के साथ इस तरह की घटना हो रही है और झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। जिससे पत्रकार के परिवार भी डरे और सहमे हुए हैं। यहां संयुक्त रूप से इस घटना को लेकर बोकारो डीसी और एसपी से एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो में जाकर मुलाकात करेगा और घटना की स्थिति से अवगत करायेगा। प्रतिनिधिमंडल में विजय सिंह, डीके ठाकुर, अनंत कुमार, एसपी सक्सेना, प्रशांत सिन्हा, चंदन दुबे, पंकज सिंह, शमशेर अंसारी, मनोज कुमार, मो साबिर अंसारी, ऋषभ राज, रवि कुमार, विनय कुमार गिरि, उदय गुप्ता, अजय सिंह, शैलेशचंद्र श्रीवास्तव सहित बोकारो और बेरमो के कई वरिष्ठ पत्रकार रहेंगे। मौके पर शमशेर आलम, नंदलाल सिंह, सजेश गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, अविनाश सिंह, जगदीश भारती आदि थे।

**केएम मेमोरियल अस्पताल ने मनाया 20वां स्थापना दिवस**

# केएम मेमोरियल अस्पताल का ध्येय अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा व्यवस्था सुलभ कराना है : रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** चिकित्सा क्षेत्र में बोकारो जिले की अग्रणी एवं राज्य के गौरवशाली हॉस्पिटलों में शुमार केएम मेमोरियल हॉस्पिटल का रविवार को 20वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल के प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद, सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा और गिरीडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडे शामिल हुए। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से पांच बार के सांसद रह चुके रविंद्र पांडे ने कहा कि केएम मेमोरियल हॉस्पिटल का ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा व्यवस्था सुलभ कराना है। वहीं, अस्पताल के प्रबंध निदेशक विकास पांडे ने सीसीएल के सीएमडी एवं कार्मिक निदेशक के प्रति आभार जताया। कहा कि सेवा ही इस हॉस्पिटल का धर्म है जिसका परिणाम आज हॉस्पिटल के 19 वर्षों का गौरवशाली अतित बन चुका है। सर्वे भवन्तु सुखिनः ,सर्वे सन्तु निरामयाः के सिद्धांत पर चलते हुए आगे के वर्षों में भी हम सब मिलकर केएम मेमोरियल हॉस्पिटल को चिकित्सा के मापदंड के रूप में न सिर्फ बोकारो जिले में बल्कि पूरे राज्य में स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प रहेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत अस्पताल के जीएम बीएन बनर्जी ने अस्पताल के गौरवशाली 19 वर्षों की उपलब्धियों को संक्षिप्त में रखते हुए किया।

# सिल्ली में उत्साह और उल्लास के बीच तीन दिवसीय गूंज महोत्सव शुरू

## छऊ नृत्य कार्निवाल' देख भावविभोर हुए महामहिम : 'सिल्ली हाट' में ग्रामीणों की भीड़, कई योजनाएं और सेवाएं शुरू

सुनील सिंह/रोशन झा





**रांची (आजाद सिपाही)।** उत्साह और उल्लास के बीच सिल्ली में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का रविवार को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने उद्घाटन किया। इससे पहले सिल्ली कॉलेज में राज्यपाल ने उच्च स्तरीय लाइब्रेरी और स्टडी सेंटर का ऑनलाइन शुभारंभ किया । स्टडी सेंटर का संचालन झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा किया जायेगा।

**रेड कॉरपेट पर राज्यपाल की अगवानी :** राज्यपाल के सिल्ली पहुंचने पर गूंज महोत्सव के संरक्षक, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो और अन्य अतिथियों ने स्वागत किया। रेड कारपेट पर राज्यपाल की अगवानी करते हुए मंच पर ले जाया गया। इस दौरान स्टेडियम में मौजूद बड़ी तादाद में महिलाओं, युवाओं, बच्चों और लोक कलाकारों ने महामहिम का ढोल, नगाड़े और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया। झारखंड तीरंदाजी संघ की उपाध्यक्ष नेहा महतो ने शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर राज्यपाल का स्वागत किया। इसके साथ ही राज्यपाल एक साथ 5001 कलाकारों का 'छऊ नृत्य कार्निवाल और 1500 युवाओं बच्चों का सांस्कृतिक प्रदर्शन देख भावविभोर हुए। समारोह में शामिल इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सुब्रतो दास ने छऊ नृत्य को पारंपरिक नृत्य के तौर पर इस रिकॉर्ड्स में शामिल करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने सुदेश कुमार महतो को रिकॉर्ड्स से जुड़े मेडल पहनाया।

**झूम-झूम कर नाचे छऊ कलाकार :** उद्घाटन के दिन एक साथ 5001 छऊ नृत्य कलाकारों ने छऊ कार्निवाल पेश किया। हजारों की भीड़ उन्हें एकटक निहारती रही। इसके अलावा 1500 युवाओं और बच्चों के सांस्कृतिक प्रदर्शन ने खूबसूरत समां बांध कर रख दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से आसमान गूंजता रहा। पाइका नाच भी हुआ। इस दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों की सुंदर लहरियों पर लोग मंत्रमुग्ध होते रहे।

**सिल्ली स्टेडियम परिसर में बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा :** झारखंड आंदोलन के प्रणेता और लड़ो, पढ़ो और बढ़ों का नारा देने वाले बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्टेडियम परिसर में लगी उनकी प्रतिमा पर राज्यपाल रमेश बैस के साथ सुदेश कुमार महतो, रांची के सांसद संजय सेठ, आजसू पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, विधायक लंबोदर महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पद्मश्री मुकुंद नायक, मधुर मंसूरी, छुटनी महतो, झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**सिल्ली कॉलेज में उच्चस्तरीय लाइब्रेरी और स्टडी सेंटर :** सिल्ली कॉलेज में उच्च स्तरीय लाइब्रेरी और स्टडी सेंटर का शुभारंभ राज्यपाल ने ऑनलाइन शिलान्यास किया । स्टडी सेंटर का संचालन झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के द्वारा किया जाएगा। लाइब्रेरी और स्टडी सेंटर के शुरू होने से सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के युवाओं में उत्साह देखा गया।

**ओपन यूनिवर्सिटी की आधारशिला रखी गयी :** इस मौके पर सिल्ली में ओपन यूनिवर्सिटी की आधारशिला रखी गई। राज्यपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय युवाओं का भविष्य संवारने में सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका अदा करेगा। यूनिवर्सिटी के कुलपति टीएन साहू ने इस विश्वविद्यालय के विभिन्न पहलु की चर्चा की और भरोसा दिलाया कि ग्रामीण परिवेश के युवाओं को भविष्य संवारने का बेहतर मौका मिलेगा।

**मेडिकल हेल्थ कैंप लगे :** महोत्सव में कई हेल्थ कैंप लगाये गये हैं। इन कैंप में मुफ्त चेकअप के अलावा लोगों को दवाइयां दी जा रही हैं। ये हेल्थ चेकअप कैंप 20 दिसंबर तक सेवाएं देंगी। इनमें अलग-अलग रोगों से जुड़े स्पेशलिस्ट डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ सेवाएं दे रहे हैं। कैंप लगाने वाले असस्पतालों में प्रॉमिस हेल्थ हॉस्पिटल रांची, आई हॉस्पिटल रांची, श्री तिरुपति डेंटल क्लिनिक एंड इंप्लांटस सेंटर रांची, सिंगपुर नर्सिंग होम मूरी, सीएचसी सिल्ली शामिल हैं।

**सिल्ली हाट में खुले स्टॉल, ग्रामीणों की भीड़ लगी :** गुंज महोत्सव आयोजन स्थल (सिल्ली स्टेडियम) में ग्रामीण परिवेश के थीम पर सिल्ली हाट का निर्माण किया गया है। इस हाट में लगभग सौ स्टॉल लगाये गये हैं। इन स्टॉलों में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट रही है। एसएचजी से जुड़ी महिलाओं ने भी कई स्टॉल लगाए हैं।

**पद्मश्री समेत कई ख्यातिप्राप्त कलाकार शामिल हुए :** गूंज महोत्सव में मुख्य रूप से डॉ ओ एन सिंह, कुलपति, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, डॉ गोपाल पाठक कुलपति सरला बिरला विश्वविद्यालय, डॉ त्रिवेणी नाथ साहू कुलपति झारखंड स्टेट ओपेन विश्वविद्यालय, डॉ अजीत कुमार सिन्हा कुलपति रांची विश्वविद्यालय, कुलसचिव मुकुंद चंद्र मेहता, नेहा महतो उपाध्यक्ष झारखंड स्टेट आर्चरी एसोसिएशन, डॉ देवशरण भगत समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। साथ ही गूंज महोत्सव में पद्म श्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी के साथ अंतराष्ट्रीय छऊ कलाकार बंसीधर महतो, खिरोद सिंह मुंडा, पारंपरिक कलसा नृत्य ग्रुप सुषमा नाग (गुमला, झारखंड), पद्मश्री नेपाल महतो के सुपुत्र स्वागतम महतो, पद्मश्री स्वर्गीय गंभीर सिंह मुंडा के सुपुत्र कार्तिक सिंह मुंडा, पद्मश्री स्वर्गीय रामदयाल सिंह मुंडा जी के सुपुत्र गुंजल इकिर मुंडा बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

**1000 लोग जिम्मेदारी संभाल रहे :** गूंज महोत्सव के संरक्षक और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में महोत्सव की सफलता के लिए एक हजार वालंटियर, एसएचजी, गूंज परिवार के सदस्यों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# भारतवंशी लियो वराडकर आयरलैंड के नये पीएम बने

- पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी, कहा- साथ मिलकर नयी ऊंचाइयों को हासिल करेंगे

एजेंसी



**डबलिन।** भारतवंशी लियो वराडकर यूरोपीय देश आयरलैंड के नये प्रधानमंत्री बन गये हैं। भारत के मुंबई में रहने वाले उनके पिता अशोक 1973 में आयरलैंड शिफ्ट हो गये थे। दूसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा- लियो वराडकर को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई। आयरलैंड के साथ ऐतिहासिक संबंधों, साझा संवैधानिक मूल्यों और बहुआयामी सहयोग को मैं बहुत महत्व देता हूं। दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए साथ मिल कर काम करेंगे।

**सबसे कम उम्र के आयरीश पीएम :** 43 साल के लियो आयरलैंड के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। ये उनका दूसरा कार्यकाल है। 2017 में 38 साल की उम्र में वो पहली बार प्रधानमंत्री बने थे। उनका ये कार्यकाल 2020 तक चला था। इतना ही नहीं वो आयरलैंड के पहले गे पीएम भी हैं। उनका जन्म 18 जनवरी 1979 को आयरलैंड की राजधानी डबलिन में हुआ था। उनकी मां मरियम का संबंध आयरलैंड से ही था।

**2015 में किया था गे होने का ऐलान :** आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था। 2013 में आयरलैंड ने एक जनमतसंग्रह करवाया, जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में सेम सेक्स (समलैंगिक) शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुल कर सामने आये और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात पब्लिक की। उस वक्त वो हेल्थ मिनिस्टर थे। उन्होंने छात्र जीवन से ही राजनीति में कदम बढ़ा दिए थे। साल 2007 में वो डबलिन वेस्ट से फाइन गेल के टिकट पर चुनाव जीते और काउंसलर बने। उस वक्त वो केवल 24 साल के थे।

## एम्स सर्वर हैकिंग केस में अब इंटरपोल शामिल, दिल्ली पुलिस ने चीन-हांगकांग के हैकर्स की जानकारी मांगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली एम्स के सर्वर पर हुए साइबर अटैक में चीन का हाथ था। इसकी पुष्टि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब मामले में दिल्ली पुलिस ने सीबीआइ को लेटर लिख कर इंटरपोल के जरिए चीन और हॉन्गकॉन्ग के हैकर्स की जानकारी मांगी है। पुलिस का कहना है कि उन आइपी एड्रेस की जानकारी दी जाये, जिनसे हैकर्स के मेल गये थे। साथ ही लेटर में पूछा गया है कि ये आइपी एड्रेस किसको दिये गये हैं, इनका इस्तेमाल कोई कंपनी कर रही है या फिर कोई पर्सनल इसमें शामिल है। बता दें कि इंटरपोल से संपर्क करने के लिए नोडल एजेंसी सीबीआइ है, इसलिए इसकी मांग सीबीआइ से की गयी है। मंत्रालय ने बताया था कि एम्स के सर्वर पर चीनी हैकर्स ने अटैक किया था। एम्स के 100 में से 5 सर्वर हैक किए गए थे, इन सभी का डेटा रिकवर कर लिया गया है। वहीं ओपीडी का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है।

## हॉकी विश्व कप 2023 : टिकटों की बिक्री आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुरुषों के हॉकी विश्व कप 2023 की मेजबानी कर रहा है। विश्व कप के सभी मैच भुवनेश्वर और राउरकेला में होंगे। इस मौके पर देश-विदेश से कई मेहमान और खेल प्रेमी राज्य को आयेंगे। इसलिए प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। शहरों को आकर्षण, सौंदर्य और साफ-सफाई में कोई कमी न रहे। विश्व कप के सभी मैच अगले जनवरी की 13 से 29 तारीख तक खेले जायेंगे। हॉकी वर्ल्ड कप के टिकट सोमवार से ऑफलाइन बिक्री होगा। यह टिकट भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम के गेट नंबर 8 पर मिलेगा। इसी तरह राउरकेला के बिरसामुंडा स्टेडियम के गेट नंबर 2 और 6 से दर्शक टिकट ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि दर्शकों के लिए टिकट सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। हालांकि जानकारी के मुताबिक कलिंग स्टेडियम के वेस्ट स्टैंड के टिकट की कीमत 500 रुपये, ईस्ट स्टैंड के लिए 400 रुपये और नॉर्थ और साउथ स्टैंड के लिए 2000 रुपये है। इसी तरह बिरसा मुंडा स्टेडियम के वेस्ट स्टैंड के लिए 500 रुपये, ईस्ट स्टैंड के लिए 200 रुपये और नॉर्थ और साउथ स्टैंड के लिए 100 रुपये रखे गये हैं। इस वर्ल्ड कप में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी।

## एयरलाइंस ने रोकी पालतू कुत्ते की एंट्री

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में पालतू कुत्ते के साथ ट्रिप पर जा रहे एक फैमिली को एयर इंडिया स्टाफ ने फ्लाइट में चढ़ने से रोक दिया। परिवार ने सोशल मीडिया पर एयर इंडिया के पायलट के खिलाफ वीडियो शेयर किया है। सचिन शेनॉय नाम के इस शख्स ने कहा कि एयरलाइंस ने बोर्डिंग पास होने के बावजूद उनके पालतू कुत्ते को फ्लाइट के अंदर नहीं जाने दिया। वहीं, एयर इंडिया की तरफ से इसपर प्रतिक्रिया दी गयी है। एयरलाइन ने कहा- आपको हुई असुविधा के लिए खेद है। हमारा कभी भी यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा देने का इरादा नहीं रहता है।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**